नन्दलाल बोस के एक 'एचिंग' की अनुकृति। रवीन्द्रनाथ ठाकुर शान्तिनिकेतन में अपनी कविता 'झुलन' का पाठ करते हुए। (कलाकार के सौजन्य से।)

गीत-पञ्चशती

देवनागरी लिपि में ५०० चुने हुए गीत

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

सम्पादिका

इन्दिरा देवी चौधुराणी

लिप्यन्तर तथा शब्दार्थ

रामपूजन तिवारी

साहित्य अकादेमी

नई दिल्ली

Gita-Panchasati—500 select songs of Rabindranath Tagore, edited with an Introduction by Indira Devi Chaudhurani. Devanagari transliteration with explanatory notes by Ram Pujan Tiwari. Frontispiece by Nandalal Bose. Sahitya Akademi, New Delhi (1960). Price: *de luxe* edition, Rs. 10; ordinary, Rs. 8.

विश्वभारती प्रकाशन विभाग के सौजन्य से
प्रस्तुत संस्करण का प्रकाशन
प्राप्तिस्थान :
पब्लिकेशन्स डिवीजन
ओल्ड सेक्रेटरियेट, दिल्ली-८

मुद्रक :
श्री शैलेन्द्रनाथ गुहराय,
श्री सरस्वती प्रेस लि०, कलकत्ता ९
मूल्य :
विशेष संस्करण १० रुपया
सामान्य संस्करण ८ रुपया

भूमिका

इस पुस्तक में रवीन्द्रनाथ के पाँच-सौ गीतों का संकलन किया गया है। कुछ वर्ष हुए बँगला मासिक पत्र 'प्रवासी' के तीन अंकों में रवीन्द्र-संगीत के अनुरागियों द्वारा चुने हुए तीन सौ गीत 'रवीन्द्र-संगीत-सार' नाम से प्रकाशित हुए थे। उन्हींको आधार मानकर उनमें दो सौ गीत और जोड़ देना बहुत कठिन नहीं था। तिस पर श्री शान्तिदेव घोष के सौजन्य से स्वयं कविगुरु द्वारा निर्वाचित तीन सौ गीतों की एक अप्रकाशित तालिका मिल गई, जिसे पाकर मैंने अपने को कृतार्थ अनुभव किया। अन्यान्य विषयों में भी यदि श्री शान्तिदेव की सङ्कोचहीन सहायता न मिलती तो पाँच सौ गीतों की वर्तमान चयनिका तैयार करना मुझ अकेली के लिए सम्भव न होता। 'संचयिता' के गीतांश से भी कुछ गीत उद्धृत किये गए हैं। साथ ही श्री सौम्येन्द्रनाथ ठाकुर और श्रीमती नन्दिता कृपालानी के द्वारा भेजी हुई दो तालिकाओं ने भी गीतों के चयन में हमारी सहायता की है।

इन गीतों का नागरी लिपि में लिप्यन्तर किया गया है और भारत में प्रचलित प्रधान-प्रधान भाषाओं में इन्हें अनूदित भी किया गया है। स्वर-लिपि के बिना गीत का परिपूर्ण रस ग्रहण करना तो असम्भव ही जान पड़ता है; आशा है शीघ्र ही यह अभाव भी दूर किया जा सकेगा। अवश्य ही कवि के गीतों को स्वर के बिना केवल कविता के रूप में ही पढ़कर आनन्द प्राप्त करने वाले रसिक भी मुझे मिले हैं। यूरोप में यह समस्या ही नहीं उठती, कारण वहाँ गीतकार आम तौर पर स्वर-लिपि के साथ ही अपने गीत प्रकाशित किया करते हैं। इसमें एक और बड़ी सुविधा यह होती है कि स्वर के सम्बन्ध में किसी प्रकार के मतभेद की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती। गायक का अपना कृतित्व केवल सामान्य गायकी के तारतम्य में ही प्रकट होता है। पश्चिमी देशों में रचयिता प्रधान होता है, पूर्व में गायक।

इस संकलन में हमने कविगुरु के अपने श्रेणी-विभाजन की ही रक्षा की है। वैसे सम्भव है, कई बार हमें ऐसा लगे कि एक ही गीत अन्य श्रेणी में भी पड़ सकता है। और फिर भगवत्-प्रेम तथा मानवीय प्रेम के बीच सीमा-रेखा खींचना कठिन भी है।

नीचे दी हुई सूची से प्रत्येक श्रेणी के गीतों की संख्या और उनका रचना-काल स्पष्ट समझ में आ जायगा। जिन गीतों का रचना-काल निश्चित रूप से ज्ञात है, उन्हींकी तारीखें दी गई हैं, बाक़ी अधिकांश गीतों की तारीखें प्रथम प्रकाशित पुस्तक के अनुसार रखी गई हैं।

विषय	संख्या	रचना-काल (ईसवी सन् के अनुसार)
१ पूजा	१५७	१८९३ से १९३२ तक
२ प्रेम	१२७	१८८१ से १९३९ तक
३ प्रकृति	१०९	१८७७ से १९३९ तक
४ स्वदेशी	२९	१८७७ से १९३८ तक
५ विचित्र	६९	१८९५ से १९४१ तक
६ आनुष्ठानिक	९	१९३६ से १९४० तक

कवि की जीवनी से जिनका तनिक भी परिचय है, उन्हें मालूम होगा कि कवि के प्रथम संगीत-जीवन पर उनके बड़े भाई—'नतुन दादा' या नये भैया—ज्योतिरिन्द्रनाथ का प्रभाव कितनी दूर तक पहुँचा था। पियानो के सामने बैठकर ज्योतिरिन्द्रनाथ हल्की गतें रच रहे हैं और एक ओर रवीन्द्रनाथ तथा दूसरी ओर ठाकुर-परिवार के सहृदय मित्र अक्षय चौधुरी सुर पर शब्द बिठाते जा रहे हैं, यह चित्र भी रवीन्द्र-भक्तों के निकट सुपरिचित है। इन्हीं हल्की गतों का स्वर रवीन्द्रनाथ ने 'भानुसिंहेर पदावली' आदि प्रारम्भिक रचनाओं में बिठाया है और हम लोगों ने भी वही सीखा है।

इससे भी पहले अपने ही परिवार के सदस्यों के बीच जो नाट्य-संगीत रचित और अभिनीत होता था, उसकी रचना में भी रवीन्द्रनाथ का हाथ अवश्य था; अलबत्ता वह कुछ इस प्रकार मिल-जुलकर तैयार किया जाता था कि उसमें कौन-सी रचना विशेषतया कविगुरु की थी, आज यह कह सकना हमारे लिए कठिन हो पड़ा है।

कलकत्ता के जोड़ासाँको मुहल्ले में स्थित कवि के पैतृक आवास में उन दिनों और भी एक स्थायी सांगीतिक आबहवा बहती थी, जिसे याद रखना ज़रूरी है। यह था शास्त्रीय हिन्दुस्तानी संगीत का वातावरण, जिसे आजकल बंगाल में उच्चांग संगीत कहा जाता है। कवि के पिता महर्षि देवेन्द्रनाथ शास्त्रीय संगीत के बड़े भक्त थे। उनके यहाँ संगीत के बड़े-बड़े उस्तादों का आना-जाना और ठहरना बराबर लगा ही रहता था। रवीन्द्रनाथ के अग्रजगण किस प्रकार कन्धे पर तम्बूरा साध कर इन सब उस्तादों के निकट बाक़ायदा रियाज़ किया करते थे, यह वे स्वयं ही लिख गए हैं। यद्यपि रवीन्द्रनाथ ने, जिसे बँगला में 'नाड़ा बेंधे' (गण्डा-ताबीज़ बाँध कर) सीखना कहते हैं, उस प्रकार नियमित रूप से किसीकी शागिर्दी अख़्तियार नहीं की, फिर भी स्वाभाविक रूप से आस-पास के वातावरण से शास्त्रीय संगीत का रस अवश्य ग्रहण किया, जैसे पेड़ एक जगह खड़ा रहकर भी आकाश-वातास और धरती से अपने प्राणों के उपकरण संग्रह कर लेता है। उस्तादों में यदु भट्ट, मौलाबख़्श और बाद में राधिका गोसाईं का नाम लिया जा सकता है। उनके प्रारम्भिक दिनों में विष्णुराम चक्रवर्ती का नाम भी उल्लेखनीय है। बचपन में राइपुर के श्रीकण्ठ सिंह के पास भी उन्होंने कुछ संगीत सीखा था। श्रीकण्ठ बाबू गायन के पीछे पागल थे।

कवि की संगीत-कुशलता का इतना इतिहास देना शायद ज़रूरी है, कारण प्रतिभाशाली व्यक्ति भी अचानक आकाश से नहीं

टपकते और न धरती को भेदकर अकस्मात् बाहर आ निकलते हैं। वास्तव में जिस वृक्ष की जड़ें दूर-दूर तक फैली थीं, रवीन्द्रनाथ उसीकी उच्चतम शाखा में खिले हुए सर्वोत्तम फूल थे।

एक बार कवि ने बहुत बचपन में अपने मँझले भाई—मेरे पितृदेव—सत्येन्द्रनाथ के साथ कुछ दिन अहमदाबाद में बिताए। वहीं उन्होंने पहली बार स्वतन्त्र रूप से अपने गीतों में आप ही स्वर भरे। जैसे, 'क्षुधित पाषाण' कहानी के विख्यात शाहीबाग़ के प्रासाद की छत पर चाँदनी में टहलते-टहलते रचा हुआ गीत 'नीरव रजनी देखो मग्न जोछनाय' : देखो, नीरव रात चाँदनी में डूबी है—इत्यादि। बाद में सत्रह वर्ष की उम्र में मँझले भैया के साथ ही रवीन्द्रनाथ बैरिस्टरी पढ़ने के लिए विलायत गए। इसे देश का परम सौभाग्य ही कहना चाहिए कि इस उद्देश्य की साधना के पथ पर वे अधिक दूर अग्रसर नहीं हुए। वैसे अंग्रेज़ी संगीत सीखने का उन्हें वहाँ एक नया सुयोग मिला और अपने मधुर कण्ठ के बल पर उन्होंने काफ़ी प्रसिद्धि भी पाई। किन्तु आश्चर्य की बात है कि इसके बावजूद उनके सुरों में विलायती संगीत का कुछ ख़ास प्रभाव देखने में नहीं आता। यों विलायत से लौटने पर उन्होंने पहले-पहल जिन दो गीति-नाटिकाओं ('काल मृगया' और 'वाल्मीकि-प्रतिभा') की रचना की उनमें अवश्य कुछ-एक विलायती सुर बिलकुल सदेह उठाकर बिठा दिए गए हैं। पीछे भी उद्दीपना और उल्लास के कई सुरों पर विलायती संगीत का थोड़ा-बहुत प्रभाव देखने में आता है।

कवीन्द्र के लगभग दो हज़ार गीतों के सम्बन्ध में जब भी किसी प्रकार की कोई आलोचना की जाती है, तब यह ज़रूरी हो जाता है कि उन्हें अलग-अलग भागों में बाँट लिया जाय। इस तरह का विभाजन बहुत लोगों ने बहुत प्रकार से किया है। एक विभाजन मेरा अपना भी है, जिसका एक साधारण नक़्शा यहाँ दिया जाता है। मेरा विनम्र विश्वास है कि इसमें सभी पहलुओं की रक्षा की गई है और शायद कुछ अधिक संहत रूप में :

उक्ति और स्वर की दृष्टि से रवीन्द्र-संगीत का श्रेणी-विभाजन

१	२	३
सुर और शब्द दोनों अपने	शब्द अपने सुर दूसरे का	सुर अपना शब्द दूसरे के

शब्द अथवा उक्ति को भी अलग-अलग भाषा और भाव-प्रकाशन के अनुसार विभिन्न भागों में बाँटा जा सकता है। इसी प्रकार समस्त गीतों को शास्त्रीय हिन्दुस्तानी संगीत की विभिन्न श्रेणियों के अनुसार विभाजित किया जा सकता है। रचना-काल की दृष्टि से भी रवीन्द्र-संगीत का विभाजन बहुतों ने किया है, जैसे प्रारम्भिक काल, मध्य-काल और परवर्ती काल। इससे कवि के क्रमिक संगीत-विकास को समझने में भी सुविधा होती है। रवीन्द्रनाथ स्वयं ही कहते थे कि उनके शुरू के गीत 'ऍमोशनल' हैं, उनमें भाव-तत्त्व मुख्य है; उत्तरकालीन गीत 'ईस्थेटिकल' हैं, उनमें सौन्दर्य-बोध का तत्त्व प्रधान है। उनके प्रथम वयस के गीतों के अधिक लोकप्रिय होने का एक कारण शायद यह भी हो सकता है। यहाँ यदि मैं अपना एक विचार निवेदन करूँ तो आशा है उसे एकदम अप्रासंगिक न माना जायगा। मुझे लगता है कि उपनिषदों का ब्राह्म धर्म कुछ इतने उँचे स्तर पर अवस्थित है कि साधारण मनुष्य वहाँ तक पहुँचने अथवा वहाँ श्वास-प्रश्वास ग्रहण करने में कठिनाई अनुभव करता है; जीवन के दु:ख-शोक के प्रसंगों में सहज शान्ति, विराम अथवा सान्त्वना नहीं पाता। इसी नेतिवाचक शून्यता में रवीन्द्रनाथ के धर्म-संगीत ने मानवीय प्रेम की उष्णता और मधुरता ला दी है। मानवीय स्नेह-प्रेम-प्रीति-भक्ति से उसने भगवान् को मानव का सुगोचर संगी बना दिया है। रवीन्द्र-संगीत में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं।

शुरू की उम्र के गीतों में कविगुरु ने स्वभावत: शास्त्र-सम्मत राग-ताल का ही अधिक प्रयोग किया है। विशेष रूप से ध्रुपद के सरल-गम्भीर आडम्बर-हीन चार अंगों की गति के प्रति रवीन्द्रनाथ खास तौर पर अनुरक्त थे और उसी ढाँचे का प्रयोग करना उन्हें प्रिय

था। कुछ आगे चल कर मध्य वयस में अपने पितृदेव के आदेश से वे पद्मा नदी के तीर शिलाइदह में ज़मींदारी की देख-भाल करने गए। वहाँ वे एक हाउसबोट में रहते थे। इन दिनों उन्हें बंगाल के बाउल-कीर्तन आदि प्रचलित लोक-संगीत का घनिष्ठ परिचय पाने का सुयोग मिला। बाद में अपनी गीत-रचना में उन्होंने कई प्रकार से इस लोक-संगीत के कला-कौशल का उपयोग किया। उनका प्रसिद्ध स्वदेशी गीत 'आमार सोनार बाँगला'—अथवा मेरा सोने का बंगदेश—इसीका एक उदाहरण है।

अपने जीवन के उत्तर-काल में वे स्थायी रूप से शान्तिनिकेतन में ही रहे और वहाँ उन्होंने विद्यालय के उत्सव-आयोजन के लिए बहुत से ऋतु-सम्बन्धी गीतों की रचना की। कई प्रकार के नये मिश्र-स्वरों का भी उन्होंने प्रवर्त्तन किया, जैसे, बाउल साधुओं के स्वरों के साथ शास्त्रीय रागों का मिश्रण अथवा ऐसे रागों का मेल; जो पहले कभी मिश्रण के लिए उपयोग में नहीं लाए गए। कुछ नये प्रकार के ताल भी उन्होंने निकाले, जैसे, षष्ठी या २।४ मात्रा का ताल; नवमी या ५।४ मात्रा का ताल (नौ मात्रा के ताल का और भी कई प्रकार से विभाजन किया है); झम्पक या उल्टा झपताल, जैसे ३।२।३।२; रूपकड़ा या ३।२।३ मात्रा का ताल; एकादशी अथवा ११ मात्रा का ताल, जैसे ३।२।२।४, इत्यादि।

शास्त्रीय संगीत के स्वर और छन्द को ज्यों-का-त्यों रखते हुए बँगला शब्द-प्रयोग से रचे हुए गीतों को छोड़कर रवीन्द्र-संगीत में ख़याल गायकी का प्रयोग बहुत कम ही मिलता है। इसका कारण यह है कि ख़याल में तानों का प्रयोग अधिक होता है और अपने संगीत में तानों का बहुल प्रयोग उनकी रुचि के विशेष अनुकूल न था। उनके ध्रुपदांग अथवा उच्चांग संगीत को छोड़ दें तो हल्के-फुल्के ताल में रचे हुए गीतों को आम तौर पर ठुमरी की श्रेणी में डाला जा सकता है। रवीन्द्र-संगीत में टप्पे का प्रयोग कम ही देखने में आता है; वैसे हिन्दुस्तानी टप्प की गायकी के आधार पर उन्होंने

धर्म-संगीत के अन्तर्गत कुछ सुन्दर गीत रचे हैं। उनके अपने कण्ठ से शास्त्रीय हिन्दी-संगीत के सभी अलंकार कितने सहज और स्वाभाविक रूप से प्रकाशित हुआ करते थे, सो उनके इने-गिने रेकर्डों को सुनकर आज के श्रोता भी समझ जायँगे।

मुझे लगता है, रवीन्द्रनाथ के रचे हुए संगीत में गायक द्वारा अपनी ओर से तानों का प्रयोग करने के विषय में आपत्ति का प्रधान कारण यह है कि उनके गीतों में शब्द अथवा उक्ति का महत्त्व सुर के महत्त्व से किसी तरह कम नहीं।

स्वतन्त्र तानें न होने पर भी उनके कुछ गीतों में सुर के साथ ही छोटी-छोटी तानें जुड़ी हुई हैं और विभिन्न गीतों में मीड़, आस, गिटकड़ी या खोंच आदि अलंकार अथवा कला-कौशल भी पर्याप्त हैं। अभ्यस्त अलंकारों के यत्किंचित् अभाव के कारण कुछ लोग रवीन्द्र-संगीत को एकघृष्ट या नीरस कहने लगते हैं, किन्तु तान के बिना भी रवीन्द्रनाथ ने दूसरे कितने ही उपायों से सुर में वैचित्र्य लाने का इतना प्रयास किया है और सफलता भी पाई है कि तनिक गहराई से विवेचना करने पर चकित होना पड़ता है। इस प्रसंग में उनकी कुछ विशेषताओं का यहाँ उल्लेख किया जाता है :

क—भारतवर्ष भर में जहाँ जिस कोटि का भी स्वर उन्होंने सुना या पाया, उसमें उपयुक्त शब्द-योजना की अथवा उसके आधार पर गीत रचे।

ख—अनेक नये तालों और मिश्र-सुरों का प्रवर्त्तन किया, जिसकी चर्चा हम पहले ही कर आए हैं।

ग—ताल का आड़ा या तिरछा प्रयोग अथवा एक ही गान में ताल का फेर बहुत बार देखने में आता है। यहाँ तक कि एक ही गान को बारी-बारी से अलग-अलग तालों में गाकर उन्होंने इस क्षेत्र में भी मौलिकता का परिचय दिया।

घ—केवल भिन्न ताल ही नहीं, किसी-किसी गीत को एक-के-बाद-एक भिन्न स्वर में गाकर भी उन्होंने वैचित्र्य की सृष्टि की।

ङ——पाश्चात्य सुर-सन्धि या हार्मनी की प्रथा को यद्यपि रवीन्द्रनाथ ने शास्त्रीय ढंग से पूरी तरह ग्रहण नहीं किया, तथापि परीक्षण के रूप में उसका भी कुछ आभास उनके दो-एक गानों में मिलता है। अन्यान्य क्षेत्रों के समान संगीत के क्षेत्र में भी उनके प्रदीप्त सक्रिय मन ने प्रयोग-परीक्षा करने में संकोच का अनुभव नहीं किया। अवश्य ही इस प्रयोग-परीक्षण का मूल सदा देश की मिट्टी में ही समाया हुआ था।

च——जब स्वदेशवासियों के पुराने संस्कार विपरीत थे, तब भी उन्होंने समाज में नृत्य का प्रचार किया। इस नृत्य-आन्दोलन के प्रसंग में उन्होंने जिन नृत्य-नाट्यों की रचना की थी, उनके गीतों में भी कई प्रकार की अपनी विशेषताएँ मिलती हैं।

छ——कविगुरु का संगीत-जीवन जिस तरह गीति-नाट्य से शुरू होता है, उसी प्रकार कहा जा सकता है कि नृत्य-नाट्य से उसकी परिसमाप्ति होती है। उनके लम्बे जीवन के इन दोनों छोरों के बीच जो योग-सूत्र था, उसे हम नाट्य-रस कह सकते हैं। इसी नाट्य-रस को उन्होंने नये-नये रूपों में संगीत में प्रकट किया था। उन्होंने स्वयं ही अपने किसी गीति-नाट्य को यदि गीत के सूत्र में गुँथी हुई नाटक की माला कहा है, तो किसी दूसरे को कहा है नाटक के सूत्र में गीतों की माला। वास्तव में मूल बात यह है कि दोनों में नाट्य-रस वर्तमान है और यही रस रवीन्द्र-संगीत में वैचित्र्य लाने का एक उत्तम साधन रहा है।

इसी जगह उनके संगीत की एक मुख्य विशेषता पकड़ में आती है; वह है सुर के साथ शब्द या उक्ति का अपूर्व शुभ-योग। शब्द स्वर में कहे गए हैं अथवा स्वर स्वयं ही बोल रहा है, कहना कठिन है: जान पड़ता है जैसे शब्द ही स्वर बन गए हैं अथवा स्वर ने आप ही शब्दों का बाना पहन लिया है। इसकी सर्वोत्तम अभिव्यक्ति अवश्य ही गीति-नाट्य में हुई है और स्वर में उत्तर-प्रत्युत्तर उसका प्रधान वाहन है।

अभी हमने रवीन्द्र-संगीत की जिन विशेषताओं का क्रम से उल्लेख किया है, उनमें उनके गीतों की प्रचुरता को भी जोड़ा जा सकता है। हमारा आशय केवल संख्या की ही अधिकता से नहीं है—वैसे यह संख्या भी अपने-आपमें कुछ कम नहीं—किन्तु मनुष्य के हर प्रकार के व्यष्टिगत मनोभाव और समष्टिगत समारोह की दृष्टि से इतने तरह के इतने अधिक गीत अन्य किसी देश के किसी गीतकार ने लिखे होंगे, इसमें सन्देह है।

संगीत-क्षेत्र में रवीन्द्रनाथ के अनेक कृतित्वों के विषय में मेरा यह विनम्र विचार है कि उनका एक प्रधान कृतित्व यह कहा जायगा कि उन्होंने हमारे देश के शास्त्रीय संगीत की जटिल, दीर्घ, कष्टकर साधना को किसी हद तक सहज और सरस बनाकर उसे देशवासियों के हाथों सौंप दिया है। शास्त्र-सम्मत राग और ताल सभी को यथा-स्थान रख छोड़ा है, फिर भी थोड़े-से लोगों की जीवन-भर की कठोर साधना के स्थान पर थोड़े-से वर्षों के मनोयोग से ही संगीत के सौन्दर्य और माधुर्य का आस्वाद पाने का पथ सर्वसाधारण को दिखा दिया है।

संगीत रवीन्द्रनाथ की विराट् प्रतिभा का एक अंश-मात्र है किन्तु वह उनकी बड़ी साध का—बहुत अन्तरंग—अंश है। उन्हींके शब्दों में : "मैं निश्चित जानता हूँ कि भविष्य के दरबार में मेरे कविता-कहानी-नाटक के साथ चाहे जो बीते, मेरे गीतों को बंगाली समाज को ग्रहण करना ही होगा, मेरे गीत सबको गाने ही होंगे—बंगाल के घर-घर में, तरुहीन सुदूर पथ पर, मैदानों में, नदी के तीर-तीर। मैंने देखा है.... मेरे गीत जैसे मेरे अचेतन मन से बरबस निकले हैं। इसीलिए उनमें एक सम्पूर्णता है।"

रवीन्द्रनाथ की इस प्रियतम वस्तु का समग्र भारत में प्रचार करने का भार लेकर साहित्य अकादेमी हमारी कृतज्ञता-भाजन बनी है। मेरा आन्तरिक आवेदन है कि इसी प्रकार रवीन्द्र-संगीत की स्वर-लिपि के प्रचार का प्रशंसनीय कार्य भी अकादेमी द्वारा ही

सम्पन्न हो। मैं प्रार्थना करती हूँ कि इस सुमधुर गीति-मालिका के आकर्षण से भारत के सभी प्रदेश एकता के और भी घनिष्ठ सूत्र में आबद्ध हों।

शान्तिनिकेतन
१४ अप्रैल, १९५९

इन्दिरा देवी चौधुराणी

सूचीपत्र

पूजा

१

आमारे के निबि भाइ, सँपिते चाइ आपनारे।
आमार एइ मन गलिये काज भुलिये सङ्गे तोदेर निये या रे।।
तोरा कोन् रूपेर हाटे चलेछिस भवेर बाटे,
पिछिये आछि आमि आपन भारे,
तोदेर ओइ हासिखुशि दिवानिशि देखे मन केमन करे।।
आमार एइ बाँधा टुटे निये या लुटेपुटे,
पड़े थाक् मनेर बोझा घरेर द्वारे—
येमन ओइ एक निमिषे वन्या एसे भासिये ने याय पारावारे।।
एत ये आनागोना के आछे जानाशोना,
के आछे नाम ध'रे मोर डाकते पारे।
यदि से बारेक एसे दाँड़ाय हेसे
चिनते पारि देखे तारे।।

१८९०

---

१. **आमारे......आपनारे**—मुझे कौन लेगा (ग्रहण करेगा) भाई, (मैं) अपने (आप) को सौंपना चाहता हूँ; **आमार.....रे**—मेरे इस मन को विगलित कर, काम-काज (को) भुला कर अपने साथ तुमलोग ले जाओ; **तोरा.....चलेछिस**—तुम सब किस रूप की हाट में चले हो; **भवेर बाटे**—संसार के रास्ते पर; **पिछिये......भारे**—अपने (ही) बोझ से मैं पीछे रह गया हूँ; **तोदेर.....करे**—रातदिन तुम सबों की वह हँसी खुशी देख मन (न-जाने) कैसा करता है; **आमार.......पुटे**—मेरे इस बन्धन को छिन्न-भिन्न कर (मुझे धूल में) लूटाते-पुटाते ले जाओ; **पड़े......द्वारे**—गृह के दरवाज़े पर मन का बोझा पड़ा रहे; **येमन......पारावारे**—जैसे उस एक क्षण में बाढ़ आ कर समुद्र में बहा ले जाती है; **एत.......आनागोना**—इतनी जो आवाजाही है; **के.......जानाशोना**—जाना-पहचाना (परिचित) कौन है; **के......पारे**—कौन है जो मेरा नाम ले कर पुकार सकता है; **यदि.......तारे**—यदि वह एकबार आ हँस कर खड़ा हो (तो) उसे देख कर पहचान सकता हूँ।

२

आनन्दलोके मङ्गलालोके बिराज' सत्यसुन्दर ।।
महिमा तव उद्भासित महागगनमाझे,
विश्वजगत मणिभूषण वेष्टित चरणे ।।
ग्रहतारक चन्द्रतपन व्याकुल द्रुत वेगे
करिछे पान, करिछे स्नान, अक्षय किरणे ।।
धरणी- 'पर झरे निर्झर, मोहन मधु शोभा
फुलपल्लव-गीतगन्ध-सुन्दर-बरने ।।
बहे जीवन रजनीदिन चिरनूतन धारा,
करुणा तव अविश्राम जनमे मरणे ।।
स्नेह प्रेम दया भक्ति कोमल करे प्राण;
कत सान्त्वन कर वर्षण सन्तापहरणे ।।
जगते तव की महोत्सव, वन्दन करे विश्व
श्रीसम्पद भूमास्पद निर्भयशरणे ।।

१८९३

३

आमारे करो तोमार वीणा, लहो गो लहो तुले ।
उठिबे बाजि तन्त्रीराजि मोहन अङ्गुले ।।
कोमल तव कमलकरे परश करो परान- 'परे,
उठिबे हिया गुञ्जरिया तव श्रवणमूले ।।

---

२. **बिराज**—विराजते हो; **माझे**—मध्य में; **तपन**—सूर्य; **करिछे**—कर रहे हैं; **धरणी- 'पर**—धरणी के ऊपर; **झरे**—झरता है; **बरने**—वर्णों में, रंगों में; **करे**—करते हैं; **कत**—कितनी; **सान्त्वन**—सान्त्वना; **कर वर्षण**—वर्षा करते हो; **की**—क्या, कैसा; **भूमा**—सर्वव्यापी पुरुष, विराट्; **आस्पद**—आधार; **वन्दन......शरणे**—(तुम्हारी) श्री-सम्पद-भूमास्पद निर्भय शरण में विश्व वन्दना करता है।

३. **आमारे.....वीणा**—मुझे अपनी वीणा बना लो; **लहो.....तुले**—लो, मुझे उठा लो; 'गो'=सादर सम्बोधनवाचक शब्द; **उठिबे बाजि**—बज उठेगी; **परश करो**—स्पर्श करो; **परान**—प्राण; **उठिबे......गुञ्जरिया**—हृदय गूँज उठेगा;

कखनो सुखे कखनो दुखे   काँदिबे चाहि तोमार मुखे,
चरणे पड़ि रबे नीरबे रहिबे यबे भुले।
केह ना जाने की नव ताने   उठिबे गीत शून्य-पाने,
आनन्देर बारता याबे अनन्तेर कूले।।

१८९५

४

अन्धजने देहो आलो, मृतजने देहो प्राण—
तुमि करुणामृतसिन्धु करो करुणाकणा दान।।
शुष्क हृदय मम   कठिन पाषाणसम,
प्रेमसलिलधारे सिञ्चह शुष्क नयान।।
ये तोमारे डाके ना हे, तारे तुमि डाको डाको।
तोमा हते दूरे ये याय तारे तुमि राखो राखो।।
तृषित ये जन फिरे   तव सुधासागरतीरे।
जुड़ाओ ताहारे स्नेहनीरे, सुधा कराओ हे पान।।

१८९६

५

आनन्दधारा बहिछे भुवने,
दिनरजनी कत अमृतरस उथलि याय अनन्त गगने।।

कखनो—कभी; **काँदिबे.....मुखे**—तुम्हारे मुख की ओर देख कर क्रन्दन करेगी; **चरणे**—चरणों में; **पड़ि रबे**—पड़ी रहेगी; **रहिबे......भुले**—जब भूले रहेगो; **केह......जाने**—कोई नहीं जानता; **की**—किस; **शून्य-पाने**—शून्य (आकाश) को ओर; **बारता**—वार्ता, संवाद, सन्देश; **याबे**—जायगी।

४. **अन्धजने**—अन्धे को; **देहो**—दो; **आलो**—आलोक; **तुमि**—तुम; **सिञ्चह**—सींचो; **नयान**—नयन; **ये......हे**—जो तुम्हें नहीं पुकारता; **तारे**—उसे; **डाको**—पुकारो; **तोमा......याय**—तुमसे जो दूर जाय; **राखो**—रखो; जाने न दो; **ये**—जो; **फिरे**—भटकता फिरता है; **जुड़ाओ**—शीतल करो; **ताहारे**—उसे।

५. **बहिछे**—बह रही है; **कत**—कितना; **उथलि**—उफन कर, उत्तो-

पान करे रवि शशी अञ्जलि भरिया,
सदा दीप्त रहे अक्षय ज्योति,
नित्य पूर्ण धरा जीवने किरणे ।।
बसिया आछ केन आपन-मने,
स्वार्थनिमगन की कारणे ।
चारि दिके देखो चाहि हृदय प्रसारि,
क्षुद्र दुःख सब तुच्छ मानि,
प्रेम भरिया लहो शून्य जीवने ।।

१८९६

६

ओहे जीवनवल्लभ, ओहे साधन दुर्लभ,
आमि मर्मेर कथा अन्तर व्यथा किछुइ नाहि कब—
शुधु जीवन मन चरणे दिनु, बुझिया लहो सब ।
आमि की आर कब ।।
एइ संसारपथसंकट अति कंटकमय हे,
आमि नीरबे याब हृदये लये प्रेममुरति तव ।
आमि की आर कब ।।
सुख दुख सब तुच्छ करिनु, प्रिय अप्रिय हे—
तुमि निज हाते याहा सँपिबे ताहा माथाय तुलिया लब
आमि की आर कब ।।

लित हो कर; **याय**—जाता है; **भरिया**—भर कर; **बसिया....मने**—अपने आप में (रत) क्यों बैठे हुए हो; **निमगन**—निमग्न; **की**—किस; **चारि दिके**—चारों ओर; **प्रसारि**—पसार कर; **मानि**—मान कर; **भरिया लहो**—भर लो ।

६. **आमि**—मैं; **किछुइ......कब**—कुछ भी नहीं कहूँगा; **शुधु**—केवल; **चरणे दिनु**—चरणों में दिया; **बुझिया लहो**—समझ लो; **आमि......कब**—मैं और क्या कहूँगा; **एइ**—यह; **आमि......तव**—मैं तुम्हारी प्रेममूर्ति (प्रतिमा) को हृदय में ले कर चुपचाप जाऊँगा; **करिनु**—किया; **हाते**—हाथ से; **याहा......लब**—जो सौंपोगे उसे सिर पर चढ़ा लूँगा;

अपराध यदि करे थाकि पदे, ना कर यदि क्षमा,
तबे परानप्रिय, दियो हे दियो वेदना नव नव।
तबु फेलो ना दूरे, दिवसशेषे डेके नियो चरणे—
तुमि छाड़ा आर की आछे आमार, मृत्यु-आँधार भव।
आमि की आर कब।।

१८९६

७

के याय अमृतधामयात्री!
आजि ए गहन तिमिररात्रि,
काँपे नभ जयगाने।।
आनन्दरव श्रवणे लागे, सुप्त हृदय चमकि जागे,
चाहि देखे पथपाने।।
ओगो रहो रहो, मोरे डाकि लहो, कहो आश्वासवाणी।
याबो अहरह साथे
सुखे दुखे शोके दिवसे राते
अपराजित प्राणे।।

१८९६

अपराध......पदे—चरणों में यदि अपराध करूँ; **ना......क्षमा**—यदि (तुम) क्षमा न करो; **तबे**—तब; **परानप्रिय**—प्राणप्रिय; **दियो**—देना; **तबु.......दूरे**—तो भी दूर न फेंक देना; **डेके......चरणे**—चरणों में बुला लेना; **तुमि......आमार**—तुम्हें छोड़ कर और मेरा क्या है; **आँधार**—अंधकार।

७. **के याय**—कौन जाता है; **आजि**—आज; **ए**—इस; **श्रवणे लागे**—सुनाई देता है; **चमकि जागे**—चौंक कर जागता है; **चाहि......पाने**—रास्ते की ओर ताकता है; **ओगो**—अजी; **मोरे......लहो**—मुझे बुला लो; **याबो**—जाऊँगा।

८

तोमारि इच्छा हउक पूर्ण, करुणामय स्वामी।
तोमारि प्रेम स्मरणे राखि, चरणे राखि आशा—
दाओ दुःख, दाओ ताप, सकलि सहिब आमि ।।
तव प्रेम-आँखि सतत जागे, जेनेओ ना जानि;
ओइ मङ्गलरूप भुलि, ताइ शोक-सागरे नामि ।।
आनन्दमय तोमार विश्व शोभासुखपूर्ण;
आमि आपन दोषे दुःख पाइ, वासना-अनुगामी ।।
मोहबन्ध छिन्न करो कठिन आघाते;
अश्रुसलिलधौत हृदये थाको दिवसयामी ।।

१८९६

९

ताँहारे आरति करे चन्द्र तपन, देव मानव वन्दे चरण—
आसीन सेइ विश्वशरण ताँर जगत-मन्दिरे ।।
अनादिकाल अनन्तगगन सेइ असीम-महिमा-मगन—
ताहे तरङ्ग उठे सघन आनन्द-नन्द-नन्द रे ।।
हाते लये छय ॠतुर डालि पाये देय धरा कुसुम ढालि—
कतइ बरन, कतइ गन्ध, कत गीत, कत छन्द रे ।।

---

८. **तोमारि**—तुम्हारी ही; **हउक**—हो; **राखि**—रखूँ; **दाओ**—दो; **सकलि**—सकल ही, सभी; **सहिब**—सहूँगा; **आमि**—मैं; **जेनेओ......जानि**—जान कर भी नहीं जानता; **ओइ**—वह; **भुलि**—भूल जाता हूँ; **नामि**—उतरता हूँ; भीतर प्रवेश करता हूँ; **आपन दोषे**—अपने दोष से; **पाइ**—पाता हूँ; **थाको**—रहो।

९. **ताँहारे......तपन**—चन्द्र सूर्य उनकी आरती करते हैं; **वन्दे**—वन्दना करते हैं; **सेइ**—वह; **ताँर**—अपने; **सेइ**—उसी; **ताहे**—इसीलिये; **हाते ......डालि**—हाथों में छः ॠतुओं की डलिया ले कर; **पाये**—पैरों में; **देय ढालि**—ढाल देती है; **कतइ**—कितने ही; **बरन**—वर्ण, रंग; **कत**—कितने;

विहगगीत गगन छाय— जलद गाय, जलधि गाय—
महापवन हरषे धाय, गाहे गिरिकन्दरे।
कत कत शत भकतप्राण हेरिछे पुलके, गाहिछे गान—
पुण्य किरणे फुटिछे प्रेम, टुटिछे मोहबन्ध रे ।।

१८९६

१०

नयन तोमारे पाय ना देखिते, रयेछ नयने नयने।
हृदय तोमारे पाय ना जानिते, हृदये रयेछ गोपने ।।
वासनार वशे मन अविरत धाय दश दिशे पागलेर मतो,
स्थिर-आँखि तुमि मरमे सतत जागिछ शयने स्वपने ।।
सबाइ छेड़ेछे, नाइ यार केह, तुमि आछ तार, आछे तव स्नेह;
निराश्रय जन, पथ यार गेह, सेओ आछे तव भवने।
तुमि छाड़ा केह साथि नाइ आर, समुखे अनन्त जीवनविस्तार—
कालपारावार करितेछ पार केह नाहि जाने केमने ।।

गाय—गाता है; **हरषे धाय**—हर्ष से दौड़ता है; **गाहे**—गाते हैं; **भकत**—भक्त; **हेरिछे**—निहार रहे हैं; **गाहिछे**—गा रहे हैं; **फुटिछे**—प्रस्फुटित हो रहा है; **टुटिछे**—टूट रहा है; **बन्ध**—बन्धन।

१०. **नयन......देखिते**—नयन तुम्हें देख नहीं पाते; **रयेछ......नयने**—प्रति नयन में तुम निवास करते हो; **हृदय......गोपने**—हृदय तुम्हें जान नहीं पाता, तुम गोपन भाव से हृदय में (ही) मौजूद हो; **वासनार वशे**—वासना के वश में; **धाय**—दौड़ता है; **दिशे**—दिशाओं में; **पागलेर मतो**—पागल के समान; **मरमे**—मर्म (अन्तर) में; **जागिछ**—जाग रहे हो; **स्वपने**—स्वप्न में; **सबाइ छेड़ेछे**—सभी ने छोड़ दिया है; **नाइ......केह**—जिसका कोई नहीं है; **तुमि......स्नेह**—उसके तुम हो, (उसके लिये) तुम्हारा स्नेह है; **पथ......गेह**—पथ ही जिसका घर है; **सेओ......भवने**—वह भी तुम्हारे भवन में है; **तुमि......आर**—तुम्हें छोड़ और कोई साथी नहीं है; **करितेछ**—कर रहे हो; **केह......केमने**—कोई नहीं जानता किस प्रकार;

जानि शुधु तुमि आछ ताइ आछि, तुमि प्राणमय ताइ आमि बाँचि,
यत पाइ तोमाय आरो तत याचि, यत जानि तत जानि ने।
जानि आमि तोमाय पाब निरन्तर लोकलोकान्तरे युगयुगान्तर——
तुमि आर आमि, माझे केह नाइ, कोनो बाधा नाइ भुवने।।

१८९६

११

प्रभाते विमल आनन्दे विकशित कुसुमगन्धे
विहङ्गमगीतछन्दे तोमार आभास पाइ।।
जागे विश्व तव भवने प्रतिदिन नव जीवने,
अगाध शून्य पूरे किरणे,
खचित निखिल विचित्र बरने——
विरल आसने बसि तुमि सब देखिछ चाहि।।
चारि दिके करे खेला बरन-किरण-जीवन-मेला,
कोथा तुमि अन्तराले।
अन्त कोथाय, अन्त कोथाय——अन्त तोमार नाहि नाहि।।

१८९६

जानि......आछि——केवल (इतना ही) जानता हूँ (कि) तुम हो इसीलिये (मैं) हूँ; **तुमि....बाँचि**——तुम प्राणमय हो इसीलिये जीता हूँ; **यत.....याचि**——जितना तुम्हें पाता हूँ उतना ही और याचना करता हूँ; **यत.....ने**——जितना जानता हूँ उतना (ही लगता है कि तुम्हें) नहीं जानता; **पाब**——पाऊँगा; **तोमाय**——तुम्हें; **माझे......नाइ**——बीच में कोई नहीं; **कोनो**——कोई।

११. **तोमार......पाइ**——तुम्हारा आभास पाता हूँ; **पूरे**——परिपूर्ण होता है; **बरने**——वर्ण (रंग) से; **बसि**——बैठ कर; **तुमि.....चाहि**——तुम सब कुछ दृष्टि डालकर देख रहे हो; **चारि दिके**——चारों ओर; **करे खेला**——खेल (क्रीड़ा) कर रहे हैं; **कोथा**——कहाँ; **तुमि**——तुम; **कोथाय**——कहाँ; **तोमार**——तुम्हारा; **नाहि**——नहीं है।

१२

सुधासागरतीर हे, एसेछे नरनारी सुधारस-पियासे।
शुभ विभावरी, शोभामयी धरणी,
निखिल गाहे आजि आकुल आश्वासे।।
गगने विकाशे तव प्रेमपूर्णिमा,
मधुर बहे तव कृपासमीरण।
आनन्दरङ्ग उठे दश दिके,
मग्न मन प्राण अमृत-उच्छ्वासे।।

१८९६

१३

हृदय वेदना बहिया प्रभु, एसेछि तव द्वारे।।
तुमि अन्तर्यामी हृदयस्वामी, सकलइ जानिछ हे—
यत दुःख लाज दारिद्र्य संकट आर जानाइब कारे।।
अपराध कत करेछि नाथ, मोहपाशे प'ड़े;
तुमि छाड़ा प्रभु, मार्जना केह करिबेना संसारे।।
सब वासना दिब विसर्जन तोमार प्रेमपाथारे;
सब विरह विच्छेद भुलिब तव मिलन-अमृतधारे।।
आर आपन भावना पारि ना भाबिते, तुमि लहो मोर भार;
परिश्रान्त जने प्रभु, लये याओ संसारसागर पारे।।

१८९६

---

१२. **एसेछे**—आए हैं; **पियासे**—प्यास से; **गाहे**—गाता है; **आजि**—आज।

१३. **बहिया**—वहन कर; **एसेछि**—आया हूँ; **सकलइ**—सभी कुछ; **जानिछ**—जानते हो; **यत**—जितना; **आर......कारे**—और किसे बताऊँगा; **कत**—कितना; **करेछि**—किया है; **प'ड़े**—पड़ कर; **तुमि छाड़ा**—तुम्हें छोड़; **मार्जना ....संसारें**—संसार में कोई क्षमा नहीं करेगा; **विसर्जन दिब**—विसर्जन कर दूंगा; **तोमार**—तुम्हारे; **पाथारे**—समुद्र में; **भुलिब**—भूल जाऊँगा; **आर**—और; **पारि......भाबिते**—नहीं सोच पाता; **तुमि......भार**—तुम मेरा भार ले लो; **जने**—व्यक्ति को; **लये याओ**—ले जाओ।

१४

आमि संसारे मन दियेछिनु, तुमि आपनि से मन नियेछ।
आमि सुख ब'ले दुख चेयेछिनु, तुमि दुख ब'ले सुख दियेछ।।
हृदय याहार शतखाने छिल शत स्वार्थेर साधने
ताहारे केमने कुड़ाये आनिले, बाँधिले भक्तिबाँधने।।
सुख सुख करे द्वारे द्वारे मोरे कत दिके कत खोँजाले;
तुमि ये आमार कत आपनार एबार से कथा बोझाले।।
करुणा तोमार कोन् पथ दिये कोथा निये याय काहारे—
सहसा देखिनु नयन मेलिये, एनेछ तोमारि दुयारे।।

१९००

१५

जानि हे यबे प्रभात हबे तोमार कृपा-तरणी
लइबे मोरे भवसागर-किनारे।
करि ना भय, तोमारि जय गाहिया याब चलिया,
दाँड़ाब आसि तव अमृतदुयारे।।

---

१४. **आमि.....दियेछिनु**—मैं संसार की ओर मन लगाए हुए था; **तुमि.....नियेछ**—तुमने स्वयं ही वह मन ले लिया है; **आमि.....चेयेछिनु**—सुख के रूप में मैंने दुःख चाहा था; **तुमि.....दियेछ**—तुमने दुःख के रूप में सुख दिया है; **हृदय......साधने**—सैकड़ों स्वार्थों की साधना में जिसका हृदय सैकड़ों जगह था; **ताहारे......बाँधने**—उसे किस प्रकार उठा लाए और भक्ति के बंधन में बाँधा; **कुड़ाये**—फेंकी हुई परित्यक्त वस्तु को उठा कर; **सुख......खोँजाले**—सुख सुख करते हुए द्वार-द्वार कितनी दिशाओं में मुझसे कितनी खोज कराई; **तुमि......बोझाले**—तुम जो मेरे कितने अपने हो इस बार यह बात समझा दी; **करुणा....काहारे**—तुम्हारी करुणा किस पथ से किसे कहाँ ले जाती है; **सहसा.....दुयारे**—सहसा आँखें खोल कर देखा, अपने ही दरवाज़े ले आए हो।

१५. **जानि**—जानता हूँ; **यबे**—जब; **हबे**—होगा; **तोमार**—तुम्हारी; **लइबे**—पहुँचा देगी; **मोरे**—मुझे; **करि ना**—नहीं करता; **तोमारि.....चलिया**—तुम्हारी ही जय गा कर चला जाऊँगा; **दाँड़ाब आसि**—आ कर खड़ा हूँगा; **दुयारे**—द्वार पर; **तुमि**—तुमने; **घेरिया**—घेर कर; **रेखेछ मोरे**—मुझे

जानि हे तुमि युगे युगे तोमार बाहु घेरिया
रेखेछ मोरे तव असीम भुवने;
जनम मोरे दियेछ तुमि आलोक हते आलोके,
जीवन हते नियेछ नव जीवने।
जानि हे नाथ, पुण्यपापे हृदय मोर सतत
शयान आछे तव नयनसमुखे।
आमार हाते तोमार हात रयेछे दिनरजनी,
सकल पथे-विपथे सुखे-असुखे।
जानि हे जानि, जीवन मम विफल कभु हबे ना,
दिबे ना फेलि विनाश-भय-पाथारे—
एमन दिन आसिबे यबे करुणा भरे आपनि
फुलेर मतो तुलिया लबे ताहारे॥

१९००

१६

अल्प लइया थाकि, ताइ मोर याहा याय ताहा याय।
कणाटुकु यदि हाराय ता लये प्राण करे 'हाय हाय'॥
नदीतटसम केवलइ वृथाइ प्रवाह आँकड़ि राखिबारे चाइ,
एके एके बुके आघात करिया ढेउगुलि कोथा याय॥

रखा है; **दियेछ**—दिया है; **हते**—से; **नियेछ**—ले गए हो; **शयान**—सोया हुआ; **आछे**—है; **नयनसमुखे**—आँखों के सम्मुख; **आमार....रयेछे**—मेरे हाथों में तुम्हारे हाथ पड़े हुए हैं; **कभु......ना**—कभी नहीं होगा; **दिबे......पाथारे**—विनाश-भय के सागर में फेंक नहीं दोगे; **एमन......ताहारे**—ऐसा दिन आएगा जब दया से भर अपने आप ही फूल के समान उसे (मेरे जीवन को) उठा लोगे।

१६. **अल्प.....थाकि**—स्वल्प को ले कर रहता हूँ; **ताइ.....याय**—इसीलिये मेरा जो कुछ जाता है वह चला ही जाता है; **कणाटुकु**—कण भर; **हाराय**—खो जाता है; **ता लये**—उसे ले कर; **करे**—करता है; **केवलइ**—केवल ही; **वृथाइ**—व्यर्थ ही; **आँकड़ि......चाइ**—जकड़ कर रखना चाहता हूँ; **एके......याय**—एक एक कर छाती पर आघात कर लहरें कहाँ चली जाती हैं;

याहा याय आर याहा किछु थाके सब यदि दिइ सँपिया तोमाके

तबे नाहि क्षय, सबइ जेगे रय तव महा महिमाय ।।

तोमाते रयेछे कत शशी भानु, हाराय ना कभु अणु परमाणु,

आमारइ क्षुद्र हाराधनगुलि रबे ना कि तव पाय ।।

१९०१

१७

तोमार असीमे प्राणमन लये यत दूरे आमि धाइ—

कोथाओ दुःख, कोथाओ मृत्यु, कोथा विच्छेद नाइ ।।

मृत्यु से धरे मृत्युर रूप, दुःख हय हे दुःखेर कूप,

तोमा हते यबे हइये विमुख आपनार पाने चाइ ।।

हे पूर्ण, तव चरणेर काछे याहा-किछु सब आछे आछे आछे—

नाइ नाइ भय, से शुधु आमारइ, निशिदिन काँदि ताइ ।

अन्तरग्लानि संसारभार पलक फेलिते कोथा एकाकार

जीवनेर माझे स्वरूप तोमार राखिबारे यदि पाइ ।।

१९०१

याहा......थाके—जो जाता है और जो-कुछ रह जाता है; **दिइ......तोमाके**—तुम्हें सौंप दूं; **तबे**—तब; **नाहि**—नहीं है; **सबइ**—सभी; **जेगे रय**—जगा (बना) रहता है; **महिमाय**—महिमा में; **तोमाते....भानु**—तुम में कितने चन्द्र-सूर्य हैं; **हाराय......कभु**—कभी नहीं खोते; **आमार......पाय**—मेरी ही खोई हुई क्षुद्र धनराशि क्या तुम्हारे चरणों में नहीं रहेगी ?

१७. **तोमार असीमे**—तुम्हारे असीम में; **लये**—ले कर; **यत दूरे**—जितने दूर दूर तक भी; **आमि धाइ**—मैं दौड़ पाता हूँ; **कोथाओ**—कहीं भी; **विच्छेद**—वियोग; **नाइ**—नहीं (दिखाई देता); **से**—वह; **हय**—हो जाता है; **तोमा.....चाइ**—तुमसे जब विमुख हो कर अपनी (ही) ओर देखता हूँ; **चरणेर काछे**—चरणों के निकट; **याहा किछु**—जो कुछ; **आछे**—है; **नाइ**—नहीं है; **से.....आमारइ**—वह केवल मुझे ही है; **काँदि ताइ**—इसीलिये क्रन्दन करता हूँ; **पलक फेलिते**—पल भर में; **कोथा**—कहाँ; **जीवनेर माझे**—जीवन में; **राखिबारे......पाइ**—यदि (सहेजकर) रख पाऊँ ।

१८

तोमार पताका यारे दाओ तारे बहिबारे दाओ शकति ।
तोमार सेवार महान दुःख सहिबारे दाओ भकति ।।
आमि ताइ चाइ भरिया परान   दुःखेर साथे दुःखेर त्राण,
तोमार हातेर वेदनार दान एड़ाये चाहि ना मुकति ।
दुख हबे मम माथार भूषण साथे यदि दाओ भकति ।।
यत दिते चाओ काज दियो यदि तोमारे ना दाओ भुलिते,
अन्तर यदि जड़ाते ना दाओ जालजञ्जालगुलिते ।
बाँधियो आमाय यत खुशि डोरे   मुक्त राखियो तोमा-पाने मोरे
धुलाय राखियो पवित्र क'रे तोमार चरणधूलिते;
भुलाये राखियो संसारतले, तोमारे दियो ना भुलिते ।।
ये पथे घुरिते दियेछ घुरिब, याइ येन तव चरणे;
सब श्रम येन बहि लय मोरे सकलश्रान्तिहरणे ।
दुर्गम पथ ए भवगहन—   कत त्याग शोके विरहदहन—

---

१८. **तोमार......शकति**—जिसे (तुम) अपनी पताका देते हो उसे (उसको) वहन करने की शक्ति (भी) देते हो; **सेवार**—सेवा का; **सहिबारे......भकति**—सहन करने के लिये भक्ति देते हो; **आमि.....परान**—इसीलिये मैं प्राण भर कर चाहता हूँ; **दुःखेर......त्राण**—दुःख के साथ दुःख का त्राण; **हातेर**—हाथ का; **दान एड़ाये......मुकति**—दान से कतरा (बच निकल) कर मुक्ति नहीं चाहता; **हबे**—होगा; **यत.....भुलिते**—जितना काम (करने के लिये) देना चाहो देना, यदि (उसे करने में) तुम अपने को भूल न जाने दो; **जड़ाते......दाओ**—लिप्त न होने दो; **बाँधियो.....डोरे**—जितनी (तुम्हारी) खुशी हो मुझे बन्धन में बाँधना; **मुक्त......मोरे**—(लेकिन) अपनी ओर मुझे मुक्त रखना; **धुलाय......धूलिते**—अपनी चरण-धूलि से पवित्र कर धूल में रखना; **भुलाये.....भुलिते**—संसार (के नाना काजों) में भुलाए रखना (लेकिन) अपने को न भूलने देना; **ये.....घुरिब**—जिस पथ पर (मुझे) भटकने को भेजा है (उसी में) भटकूँगा; **याइ.....चरणे**—(लेकिन) ऐसा हो कि (भटकते हुए) तुम्हारे चरणों में पहुँच जाऊँ; **सब.....श्रान्तिहरणे**—सब श्रम जिससे मुझे वहन कर सकल श्रान्तिहरण (अर्थात् तुम) तक ले जाय; **ए**—यह; **कत**—कितना;

जीवने मृत्यु करिया वहन प्राण पाइ येन मरणे—
सन्ध्यावेलाय लभि गो कुलाय निखिलशरण चरणे ।।

१९०१

१९

प्रतिदिन तव गाथा गाब आमि सुमधुर—
तुमि देहो मोरे कथा, तुमि देहो मोरे सुर ।।
तुमि यदि थाको मने विकच कमलासने,
तुमि यदि कर प्राण तव प्रेमे परिपूर
प्रतिदिन तव गाथा गाब आमि सुमधुर ।।
तुमि शोन यदि गान आमार समुखे थाकि,
सुधा यदि करे दान तोमार उदार आँखि,
तुमि यदि दुख'परे राख कर स्नेहभरे,
तुमि यदि सुख हते दम्भ करह दूर
प्रतिदिन तव गाथा गाब आमि सुमधुर ।।

१९०१

२०

आछे दुःख, आछे मृत्यु, विरहदहन लागे ।
तबुओ शान्ति, तबु आनन्द, तबु अनन्त जागे ।।

करिया—कर; **पाइ**—पाऊँ; **लभि**—प्राप्त करूँ; **कुलाय**—नीड़; **सन्ध्या...... चरणे**—सन्ध्या के समय समस्त को शरण देने वाले (तुम्हारे) चरण रूपी नीड़ को प्राप्त करूँ।

१९. **गाब**—गाऊँगा; **देहो**—दो; **कथा**—शब्द, उक्ति; **थाको मने**—मन में रहो; **परिपूर**—परिपूर्ण; **शोन**—सुनो; **आमार......थाकि**—मेरे सम्मुख रह कर; **आँखि**—आँखें; **दुख'परे**—दुःख पर; **राख**—रखो; **हते**—से; **करह**—करो।

२०. **आछे**—है; **दहन**—दाह, यन्त्रणा; **लागे**—(विरहदाह का क्लेश) बोध होता है; **तबुओ**—तो भी; **हासे**—हँसते हैं; **आसे**—आता है;

तबु प्राण नित्यधारा, हासे सूर्य चन्द्र तारा,
वसन्त निकुञ्जे आसे विचित्र रागे ।।
तरङ्ग मिलाये याय, तरङ्ग उठे;
कुसुम झरिया पड़े, कुसुम फुटे ।
नाहि क्षय, नाहि शेष नाहि नाहि दैन्यलेश—
सेइ पूर्णतार पाये मन स्थान मागे ।।

१९०३

२१

आजि प्रणमि तोमारे चलिब, नाथ, संसारकाजे ।।
तुमि आमार नयने नयन रेखो अन्तरमाझे ।।
हृदयदेवता रयेछ प्राणे मन येन ताहा नियत जाने,
पापेर चिन्ता मरे येन दहि दुःसह लाजे ।।
सब कलरवे सारा दिनमान शुनि अनादि संगीतगान,
सबार सङ्गे येन अविरत तोमार सङ्ग राजे ।
निमेषे निमेषे नयने वचने, सकल कर्मे, सकल मनने,
सकल हृदयतन्त्रे येन मङ्गल बाजे ।।

१९०३

२२

आनन्द तुमि स्वामी, मङ्गल तुमि,
तुमि हे महासुन्दर, जीवननाथ ।।

रागे—रंग में; **मिलाये याय**—मिट जाती हैं; **झरिया पड़े**—झड़ पड़ते हैं; **फुटे**—खिलते हैं; **नाहि**—नहीं है; **सेइ**—उसी; **पूर्णतार पाये**—पूर्णता के चरणों में; **मागे**—माँगता है, याचना करता है।

२१. **तोमारे**—तुम्हें; **चलिब**—चलूँगा; **रेखो**—रखो; **रयेछ**—विद्यमान हो; **ताहा**—उसे; **नियत**—स्थिर; **येन**—जिससे; **शुनि**—सुनूँ; **सबार सङ्गे**—सभी के साथ; **राजे**—विराजित हो।

शोके दुखे तोमारि वाणी   जागरण दिबे आनि,
नाशिबे दारुण अवसाद ।।
चित मन अर्पिनु तव पद प्रान्ते,
शुभ्र शान्तिशतदल-पुण्यमधु-पाने
चाहि आछे सेवक, तव सुदृष्टिपाते
कबे हबे ए दुखरात प्रभात ।।

१९०३

२३

आजि मम मन चाहे जीवनबन्धुरे,
सेइ जनमे मरणे नित्यसङ्गी
निशिदिन सुखे शोके—
सेइ चिर-आनन्द, विमल चिरसुधा,
युगे युगे कत नव नव लोके नियतशरण ।
पराशान्ति, परमप्रेम,   परामुक्ति, परमक्षेम,
सेइ अन्तरतम चिरसुन्दर प्रभु, चित्तसखा,
धर्म-अर्थ-काम-भरण राजा हृदयहरण ।।

१९०३

२४

तोमारि नामे नयन मेलिनु पुण्यप्रभाते आजि,
तोमारि नामे खुलिल हृदयशतदलदलराजि ।
तोमारि नामे निबिड़ तिमिरे फुटिल कनकलेखा,
तोमारि नामे उठिल गगने किरणवीणा बाजि ।।

---

२२. **तोमारि**—तुम्हारी ही; **दिबे आनि**—ला देगी; **नाशिबे**—नष्ट कर देगी; **चाहि आछे**—देख रहा है, टकटकी लगाए हुए है; **कबे हबे**—कब होगा ।

२३. **जीवनबन्धुरे**—जीवनबन्धु को; **सेइ**—उसी ।

२४. **तोमारि नामे**—तुम्हारे ही नाम के साथ; **मेलिनु**—खोले; **खुलिल**—खुली; **फुटिल**—खिली, प्रस्फुटित हुई; **उठिल बाजि**—बज उठी;

तोमारि नामे पूर्वतोरणे खुलिल सिंहद्वार,
बाहिरिल रवि नवीन आलोके दीप्त मुकुट माजि ।।
तोमारि नामे जीवनसागरे जागिल लहरीलीला,
तोमारि नामे निखिल भुवन बाहिरे आसिल साजि ।।

१९०३

२५

दुयारे दाओ मोरे राखिया नित्य कल्याण-काजे हे ।
फिरिब आह्वान मानिया तोमारि राज्येर माझे हे ।।
मजिया अनुखन लालसे रब ना पड़िया आलसे,
हयेछे जर्जर जीवन व्यर्थ दिवसेर लाजे हे ।।
आमारे रहे येन ना घिरि सतत बहुतर संशये,
विविध पथे येन ना फिरि बहुल-संग्रह-आशये ।
अनेक नृपतिर शासने ना रहि शंकित आसने,
फिरिब निर्भयगौरवे तोमारि भृत्येर साजे हे ।।

१९०३

२६

दाँड़ाओ आमार आँखिर आगे ।
येन तोमार दृष्टि हृदये लागे ।।

बाहिरिल—बाहर हुआ; **माजि**—माँज कर, परिष्कृत कर; **जागिल**—जागी; **आसिल**—आया; **साजि**—सज कर ।

२५. **दुयारे**—द्वार पर, दरवाजे पर; **दाओ**—दो; **मोरे**—मुझे; **राखिया**—रख; **फिरिब**—घूमूंगा; **मानिया**—मान कर, स्वीकार कर; **मजिया**—विभोर हो कर, डूब कर; **अनुखन**—निरन्तर, सर्वदा; **लालसे**—लालसा में, लिप्सा में; **रब......आलसे**—आलस्य में पड़ा नहीं रहूँगा; **हयेछे**—हो गया है; **व्यर्थ......हे**—व्यर्थ दिवसों (के बिताने) की लज्जा से; **घिरि**—घेर कर; **आशये**—अभिप्राय से; **रहि**—रहूँ; **साजे**—साज-सज्जा में ।

२६. **दाँड़ाओ**—खड़े होओ; **आमार......आगे**—मेरी आँखों के सामने;

समुख-आकाशे चराचरलोके एइ अपरूप आलोके दाँड़ाओ हे,
आमार परान पलके पलके चोखे चोखे तव दरश मागे ।।
एइ-ये धरणी चेये ब'से आछे इहार माधुरी बाड़ाओ हे ।
धुलाय-बिछानो श्याम अञ्चले दाँड़ाओ हे नाथ, दाँड़ाओ हे ।।
याहा-किछु आछे सकलइ झाँपिया, भुवन छापिया, जीवन व्यापिया
दाँड़ाओ हे ।
दाँड़ाओ येखाने विरही ए हिया तोमारि लागिया एकेला जागे ।।

१९०३

२७

निबिड़ घन आँधारे ज्वलिछे ध्रुवतारा ।
मन रे मोर, पाथारे होस ने दिशेहारा ।।
विषादे हये म्रियमाण बन्ध ना करियो गान,
सफल करि तोलो प्राण टुटिया मोहकारा ।।
राखियो बल जीवने, राखियो चिर-आशा,
शोभन एइ भुवने राखियो भालोबासा ।
संसारेर सुखे दुखे चलिया येयो हासिमुखे,
भरिया सदा रेखो बुके ताँहारि सुधाधारा ।।

१९०३

समुख—सम्मुख, प्रत्यक्ष; **एइ**—इस; **परान**—प्राण; **पलके पलके**—क्षण क्षण; **एइ-ये**—यह जो; **चेये......आछे**—(आशा से) ताकती बैठी है; **इहार**—इसकी; **बाड़ाओ**—बढ़ाओ; **धुलाय-बिछानो**—धूलि में बिछे हुए; **याहा.....झाँपिया**—जो कुछ है सब को आच्छादित कर; **छापिया**—ढक कर; **येखाने**—जहाँ; **तोमारि लागिया**—तुम्हारे ही लिये; **एकेला**—अकेला ।

२७. **आँधारे**—अंधकार में; **ज्वलिछे**—प्रज्वलित हो रहा है, चमक रहा है; **पाथारे**—सागर में; **होस ने**—मत हो; **दिशेहारा**—दिग्भ्रान्त; **हये**—हो कर; **बन्ध....गान**—गान बन्द न करना; **करि तोलो**—कर लो; **टुटिया**—तोड़ कर; **शोभन**—शोभायुक्त, सुन्दर; **भालोबासा**—प्यार; **चलिया येयो**—चले जाना; **भरिया......बुके**—हृदय में सदा भर रखो; **ताँहारि**—उन्हीं की ।

२८

बाजाओ तुमि कवि, तोमार संगीत सुमधुर
गम्भीरतर ताने प्राणे मम,
द्रव जीवन झरिबे झर झर निर्झर तव पाये ।।
बिसरिबे सब सुख-दुख, चिन्ता, अतृप्त वासना—
बिचरिबे विमुक्त हृदय विपुल विश्व-माझे
अनुखन आनन्दबाये ।।

१९०३

२९

विमल आनन्दे जागो रे ।
मगन हओ सुधासागरे ।।
हृदय-उदयाचले देखो रे चाहि
प्रथम परम ज्योतिराग रे ।।

१९०३

३०

सबार माझारे तोमारे स्वीकार करिब हे ।
सबार माझारे तोमारे हृदये बरिब हे ।।
शुधु आपनार मने नय, आपन घरेर कोणे नय,
शुधु आपनार रचनार माझे नहे; तोमार महिमा येथा उज्ज्वल रहे

२८. **पाये**—पैरों में; **बिसरिबे**—बिसर जाएंगे, भूल जाएंगे; **बिचरिबे**—विचरण करेगा; **अनुखन**—निरन्तर; **बाये**—वायु में ।

२९. **हओ**—होओ; **चाहि**—ताककर ।

३०. **सबार......करिब**—सबके बीच तुम्हें स्वीकार करूँगा; **बरिब**—वरण करूँगा; **शुधु......नय**—केवल अपने मन में नहीं, (केवल) अपने घर के कोने में नहीं; **नहे**—नहीं; **येथा**—जहाँ; **सेइ सबा-माझे**—उसी सब के बीच;

सेइ सबा-माझे तोमारे स्वीकार करिब हे ।
द्युलोके भूलोके तोमारे हृदये बरिब हे ।।
सकलि तेयागि तोमारे स्वीकार करिब हे ।
सकलि ग्रहण करिया तोमारे बरिब हे ।।
केवलि तोमार स्तवे नय, शुधु संगीतरवे नय,
शुधु निर्जने ध्यानेर आसने नहे; तव संसार येथा जाग्रत रहे
कर्मे सेथाय तोमारे स्वीकार करिब हे ।
प्रिये अप्रिये तोमारे हृदये बरिब हे ।।
जानि ना बलिया तोमारे स्वीकार करिब हे ।
जानि ब'ले नाथ, तोमारे हृदये बरिब हे ।।
शुधु जीवनेर सुखे नय, शुधु प्रफुल्लमुखे नय,
शुधु सुदिनेर सहज सुयोगे नहे; दुखशोक येथा आँधार करिया रहे
नत हये सेथा तोमारे स्वीकार करिब हे ।
नयनेर जले तोमारे हृदये बरिब हे ।।

१९०३

३१

स्वपन यदि भाङिले रजनीप्रभाते
पूर्ण करो हिया मङ्गल किरणे ।
राखो मोरे तव काजे,
नवीन करो ए जीवन हे ।
खुलि मोर गृहद्वार डाको तोमारि भवने हे ।।

१९०३

तेयागि—त्याग कर; **सेथाय**—वहाँ; **जानि......बलिया**—जानता नहीं हूँ इसलिये; **जानि ब'ले**—जानता हूँ इसलिये; **हये**—हो कर ।

३१. **स्वपन**—स्वप्न; **भाङिले**—तोड़ दिया; **खुलि**—खोल कर ।

३२

हृदय वासना पूर्ण हल आजि मम पूर्ण हल, शुन सब जगतजने ।।
की हेरिनु शोभा, निखिल भुवननाथ
चित्त-माझे बसि स्थिर आसने ।।

१९०३

३३

ये-केह मोरे दियेछ सुख दियेछ ताँरि परिचय,
सबारे आमि नमि ।
ये-केह मोरे दियेछ दुख दियेछ ताँरि परिचय,
सबारे आमि नमि ।।
ये-केह मोरे बेसेछ भालो ज्वेलेछ घरे ताँहारि आलो,
ताँहारि माझे सबारइ आजि पेयेछि आमि परिचय,
सबारे आमि नमि ।।
या-किछु काछे एसेछे, आछे, एनेछे ताँरे प्राणे,
सबारे आमि नमि ।
या-किछु दूरे गियेछे छेड़े टेनेछे ताँरि पाने,
सबारे आमि नमि ।
जानि वा आमि नाहि वा जानि, मानि वा आमि नाहि वा मानि,

---

३२. **हल**—हुई; **आजि**—आज; **शुन......जने**—जगत के सब लोग सुनो; **की......शोभा**—कैसी शोभा देखी; **बसि**—बैठे हुए हैं।

३३. **ये......नमि**—तुम-जिस-किसीने मुझे सुख दिया है, उन्हींका परिचय दिया है, मैं सबको नमस्कार करता हूँ; **बेसेछ भालो**—प्यार किया है; **ज्वेलेछ**—जलाया है, प्रज्वलित किया है; **ताँहारि**—उन्हींका; **आलो**—आलोक, प्रदीप; **पेयेछि**—पाया है; **काछे**—निकट; **एसेछे**—आया है; **आछे**—विद्यमान है; **एनेछे**—ले आया है; **गियेछे छेड़े**—छोड़ कर गया है; **टेनेछे......पाने**—उन्हींकी ओर खींचा है; **जानि......मानि**—मैं जानूं या न जानूं, मानूं या न मानूं;

नयन मेलि निखिले आमि पेयेछि ताँरि परिचय,
सबारे आमि नमि ।।

१९०३

३४

आमि की ब'ले करिब निवेदन
आमार हृदय प्राण मन ।।
चित्ते आसि दया करि निजे लहो अपहरि
करो तारे आपनारि धन— आमार हृदय प्राण मन ।।
शुधु धूलि, शुधु छाइ, मूल्य यार किछु नाइ,
मूल्य तारे करो समर्पण स्पर्शे तव परशरतन !
तोमारि गौरवे यबे आमार गौरव हबे
सब तबे दिब विसर्जन—
आमार हृदय प्राण मन ।।

१९०३

३५

आमार गोधूलिलगन एल बुझि काछे गोधूलिलगन रे ।
विवाहेर रङे राङा हये आसे सोनार गगन रे ।।

मेलि—खोल कर; **निखिले**—जगत् में; **ताँरि**—उन्हींका ।

३४. **ब'ले**—कह कर; **करिब**—करूँगा; **निवेदन**—अर्पित; **चित्ते...... करि**—दया करके चित्त में आ; **निजे......अपहरि**—स्वयं अपहरण करो; **करो......धन**—उसे अपना ही धन बना लो; **शुधु**—केवल; **छाइ**—राख; **यार**—जिसका; **तारे**—उसे; **स्पर्शे**—छुकर; **परशरतन**—पारस, स्पर्शमणि; **यबे**—जब; **हबे**—होगा; **तबे**—तब; **दिब**—दूंगा ।

३५. **आमार**—मेरा; **लगन**—लग्न, शुभ समय; **एल**—आ गया है; **बुझि**—लगता है, सम्भवतः; **काछे**—पास, निकट; **विवाहेर...... गगन**—विवाह के रंग से रंजित हो कर सुनहला आकाश आता है;

शेष क'रे दिल पाखि गान-गाओया, नदीर उपरे पड़े एल हाओया ;
ओ पारेर तीर, भाङा मन्दिर आँधारे मगन रे ।
आसिछे मधुर झिल्लिनूपुरे गोधूलिलगन रे ।।
आमार दिन केटे गेछे कखनो खेलाय, कखनो कत की काजे ।
एखन की शुनि पुरबीर सुरे कोन् दूरे बाँशि बाजे ।
बुझि देरि नाइ, आसे बुझि आसे, आलोकेर आभा लेगेछे आकाशे—
वेलाशेषे मोरे के साजाबे ओरे, नवमिलनेर साजे !
सारा हल काज, मिछे केन आज डाक मोरे आर काजे ।।
आमि जानि ये आमार हये गेछे गना गोधूलिलगन रे ।
धूसर आलोके मुदिबे नयन अस्तगगन रे ।
तखन ए घरे के खुलिबे द्वार, के लइबे टानि बाहुटि आमार,
आमाय के जाने की मन्त्रे गाने करिबे मगन रे—
सब गान सेरे आसिबे यखन गोधूलिलगन रे ।।

१९०६

शेष......हाओया—पक्षियों ने गीत गाना समाप्त कर दिया, नदी के ऊपर हवा धीमी हो आई; **ओ**—उस; **पारेर**—पार का; **भाङा**—टूटा हुआ; **आँधारे**—अन्धकार में; **मगन**—मग्न, निमज्जित; **आसिछे**—आ रहा है; **झिल्लि**—झींगुर; **केटे गेछे**—बीत गया है; **कखनो खेलाय**—कभी खेल में; **कत...... काजे**—कितने कामों में; **एखन**—इस समय; **शुनि**—सुनता हूँ; **पुरबीर**—पूरबी (रागिनी); **कोन्**—कहीं; **आसे**—आ रहा है; **लेगेछे**—छू गई है; **सारा हल**—पूर्ण हुआ, समाप्त हुआ; **मिछे......काजे**—आज काम (करने) के लिये व्यर्थ (झूठ मूठ) अब मेरी पुकार क्यों ?; **आमि......गना**—मैं जानती हूँ कि मेरी गोधूलि-लग्न की गणना (मिलन की गणना) पूरी हो गई है; **ए**—इस; **के**—कौन; **के.....आमार**—कौन मेरी बाँहों को खींच लेगा; **आमाय**—मुझे; **के जाने**—कौन जानता है; **की**—किस; **सेरे आसिबे**—समाप्त कर आएगा; **यखन**—जब ।

३६

तुमि यत भार दियेछ से भार करिया दियेछ सोजा।
आमि यत भार जमिये तुलेछि सकलइ हयेछे बोझा।
ए बोझा आमार नामाओ बन्धु, नामाओ——
भारेर वेगेते चलेछि कोथाय, ए यात्रा तुमि थामाओ ।।
आपनि ये दुख डेके आनि से-ये ज्वालाय वज्रानले——
अङ्गार क'रे रेखे याय, सेथा कोनो फल नाहि फले ।।
तुमि याहा दाओ से-ये दु:खेर दान
श्रावणधाराय वेदनार रसे सार्थक करे प्राण।
येखाने या-किछु पेयेछि केवलइ सकलइ करेछि जमा;
ये देखे से आज मागे-ये हिसाब, केह नाहि करे क्षमा ।।
ए बोझा आमार नामाओ बन्धु, नामाओ——
भारेर वेगेते ठेलिया चलेछि, ए यात्रा मोर थामाओ ।।

१९०६

३७

अन्तर मम विकशित करो, अन्तरतर हे——
निर्मल करो, उज्ज्वल करो, सुन्दर करो हे ।।

---

३६. **तुमि......सोजा**—तुमने जितना भार (दायित्व) दिया है उस भार (दायित्व) को सहज कर दिया है; **आमि......बोझा**—मैंने (स्वयं) जितना भार इकट्ठा कर लिया है (वह) सभी बोझ हो गया है; **ए......नामाओ**—बन्धु, मेरे इस बोझ को उतारो, उतारो; **भार......थामाओ**—भार के वेग से (न-जाने) कहाँ चला हूँ, तुम इस यात्रा को रोको; **आपनि......फले**—स्वयं जिन दु:खों को बुला लाता हूँ वे वज्रानल में जलाते हैं और कोयला बना कर छोड़ जाते हैं, वहाँ कोई फल नहीं फलता; **तुमि.....प्राण**—तुम जो देते हो वह तो दु:ख का दान है, (वह) श्रावण की वर्षा में वेदना के रस से प्राणों को सार्थक बना जाता है; **ये......क्षमा**—जो देखता है वही आज हिसाब माँगता है, क्षमा कोई नहीं करता; **भारेर......चलेछि**—भार के वेग से ठेलता चल रहा हूँ।

जाग्रत करो, उद्यत करो, निर्भय करो हे ।
मङ्गल करो, निरलस निःसंशय करो हे ।।
युक्त करो हे सबार सङ्गे, मुक्त करो हे बन्ध ।
सञ्चार करो सकल कर्मे शान्त तोमार छन्द ।
चरणपद्मे मम चित निस्पन्दित करो हे ।
नन्दित करो, नन्दित करो, नन्दित करो हे ।।

१९०८

३८

कत अजानारे जानाइले तुमि, कत घरे दिले ठाँइ—
दूरके करिले निकट, बन्धु, परके करिले भाइ ।।
पुरानो आवास छेड़े याइ यबे मने भेबे मरि की जानि की हबे—
नूतनेर माझे तुमि पुरातन से कथा ये भुले याइ ।।
जीवने मरणे निखिल भुवने यखनि येखाने लबे
चिरजनमेर परिचित ओहे तुमिइ चिनाबे सबे ।।
तोमारे जानिले नाहि केह पर, नाहि कोनो माना, नाइ कोनो डर—
सबारे मिलाये तुमि जागितेछ देखा येन सदा पाइ ।।

१९०८

---

३७. **उद्यत**—प्रवृत्त; **सबार सङ्गे**—सभी के साथ; **बन्ध**—बन्धन; **नन्दित**—आनन्दित ।

३८. **कत.....ठाँइ**—कितने अपरिचितों से तुमने परिचय कराया, कितने गृहों में आश्रय दिया; **करिले**—किया; **छेड़े**—छोड़ कर; **याइ यबे**—जब जाता हूँ; **मने......हबे**—मन में सोच सोच कर मरता हूँ कि जाने-क्या होगा; **माझे**—मध्य में; **से......याइ**—यह बात भूल जो जाता हूँ; **यखनि**—जब भी; **येखाने**—जहाँ; **लबे**—ग्रहण करोगे; **चिनाबे**—पहचनवाओगे; **तोमारे......पर**—तुम्हें जानने पर कोई पराया नहीं; **नाहि......माना**—कोई निषेध नहीं रहता; **सबारे पाइ**—सब को मिलित कर (युक्त कर) तुम जाग रहे हो; **देखा......पाइ**—ऐसा हो कि सर्वदा तुम्हारे दर्शन पाऊँ ।

३९

तुमि केमन करे गान करो हे गुणी,
आमि अवाक् हये शुनि, केवल शुनि ।।
सुरेर आलो भुवन फेले छेये,
सुरेर हाओया चले गगन बेये,
पाषण टुटे व्याकुल बेगे धेये
बहिया याय सुरेर सुरधुनी ।।
मने करि अमनि सुरे गाइ,
कण्ठे आमार सुर खुँजे ना पाइ ।
कइते की चाइ, कइते कथा बाधे;
हार मेने ये परान आमार काँदे,
आमाय तुमि फेलेछ कोन् फाँदे
चौदिके मोर सुरेर जाल बुनि ।।

१९०८

४०

तुमि नव नव रूपे एसो प्राणे ।
एसो गन्धे बरने एसो गाने ।।
एसो अङ्गे पुलकमय परशे,

---

३९. **केमन करे**—किस तरह, कैसे; **करो**—करते हो; **हये**—हो कर; **शुनि**—सुनता हूँ; **सुर......छेये**—(संगीत के) स्वर का आलोक (समस्त) भुवन को छा देता है; **हाओया**—हवा; **बेये**—हो कर, पार कर; **टुटे**—टूटता है; **बेगे**—वेग से; **धेये**—दौड़ कर; **बहिया......सुरधुनी**—सुर (स्वर) की गंगा बह जाती है; **मने......गाइ**—सोचता हूँ वैसे ही सुर में गाऊँ; **खुँजे...... पाइ**—खोज नहीं पाता; **कइते......बाधे**—क्या कहना चाहता हूँ, बात कहते अटक जाता हूँ; **हार......काँदे**—हार मान कर मेरे प्राण क्रन्दन कर उठते हैं; **आमाय......फाँदे**—मुझे किस फन्दे में तुमने डाला है; **चौदिके......बुनि**—मेरे चारों ओर स्वर का जाल बुन कर ।

४०. **एसो**—आओ; **बरने**—रंगों में; **दु' नयाने**—दो नयनों में ।

एसो चित्ते सुधामय हरषे,
एसो मुग्ध मुदित दु'नयाने ।।
एसो निर्मल उज्ज्वल कान्त,
एसो सुन्दर स्निग्ध प्रशान्त,
एसो एसो हे विचित्र विधाने ।।
एसो दुःखे सुखे, एसो मर्मे,
एसो नित्य नित्य सब कर्मे,
एसो सकल कर्म-अवसाने ।।

१९०८

४१

तिमिरदुयार खोलो—एसो, एसो नीरवचरणे ।
जननी आमार, दाँड़ाओ एइ नवीन अरुणकिरणे ।।
पुण्यपरशपुलके सब आलस याक दूरे ।
गगने बाजुक वीणा जगत-जागानो सुरे ।
जननी, जीवन जुड़ाओ तव प्रसादसुधासमीरणे ।
जननी आमार, दाँड़ाओ मम ज्योतिविभासित नयने ।।

१९०८

४२

आजि ए आनन्दसन्ध्या सुन्दर विकाशे, आहा—
मन्द पवने आजि भासे आकाशे
विधुर व्याकुल मधुमाधुरी, आहा ।।

---

४१. **दुयार**—द्वार, दरवाज़ा; **एसो**—आओ; **एइ**—इस; **पुण्य**—पवित्र; **परश**—स्पर्श; **याक**—जाय; **बाजुक**—बजे; **जगत-जागानो**—जगत् को जगाने वाले; **जुड़ाओ**—शीतल करो, तृप्त करो ।

४२. **आजि**—आज; **ए**—यह; **विकाशे**—विकसती है; **भासे**—बहती है; **विधुर**—विकल, कातर; **बरषे**—बरसती है; **प्रसाद**—आनन्द;

स्तब्ध गगने ग्रहतारा नीरवे
किरणसंगीते सुधा बरषे, आहा ।
प्राण मन मम धीरे धीरे प्रसादरसे आसे भरि,
देह पुलकित उदार हरषे, आहा ।।

१९०८

४३

विपदे मोरे रक्षा करो ए नहे मोर प्रार्थना—
विपदे आमि ना येन करि भय ।
दु:खतापे व्यथित चिते नाइ वा दिले सान्त्वना,
दु:खे येन करिते पारि जय ।।
सहाय मोर ना यदि जुटे निजेर बल ना येन टुटे—
संसारेते घटिले क्षति, लभिले शुधु वञ्चना,
निजेर मने ना येन मानि क्षय ।।
आमारे तुमि करिबे त्राण ए नहे मोर प्रार्थना—
तरिते पारि शकति येन रय ।
आमार भार लाघव करि नाइ वा दिले सान्त्वना,
बहिते पारि एमनि येन हय ।।
नम्रशिरे सुखेर दिने तोमारि मुख लइब चिने—
दुखेर राते निखिल धरा ये दिन करे वञ्चना
तोमारे येन ना करि संशय ।।

१९०८

आसे भरि—भर आते हैं।

४३. **ए**—यह; **नहे**—नहीं है; **येन**—ऐसा हो कि; **नाइ.....दिले**—भले ही सान्त्वना नहीं दी; **करिते पारि**—कर सकूँ; **जुटे**—मिले; **घटिले**—होने पर; **लभिले**—पाने पर; **शुधु**—केवल; **मानि**—मानूँ; **क्षय**—क्षति; **तरिते पारि**—पार हो सकूँ; **शकति......रय**—शक्ति जिसमें रहे; **लाघव करि**—हल्का करके; **बहिते......हय**—ऐसा हो कि (उसे) वहन कर सकूँ; **लइब चिने**—पहचान लूँगा।

४४

बल दाओ मोरे बल दाओ, प्राणे दाओ मोर शकति
सकल हृदय लुटाये तोमारे करिते प्रणति—
सरल सुपथे भ्रमिते, सब अपकार क्षमिते,
सकल गर्व दमिते, खर्ब करिते कुमति ।।
हृदये तोमारे बुझिते, जीवने तोमारे पूजिते,
तोमार माझारे खुँजिते चित्तेर चिर-बसति ।
तव काज शिरे बहिते, संसारताप सहिते,
भवकोलाहले रहिते, नीरवे करिते भकति ।।
तोमार विश्वछबिते तव प्रेमरूप लभिते,
ग्रह-तारा-शशी-रविते हेरिते तोमार आरति ।
वचनमनेर अतीते डुबिते तोमार ज्योतिते,
सुखे दुखे लाभे क्षतिते शुनिते तोमार भारती ।।

१९०८

४५

विपुल तरङ्ग रे, विपुल तरङ्ग रे ।
सब गगन उद्वेलिया, मगन करि अतीत अनागत
आलोके-उज्ज्वल जीवने चञ्चल एकि आनन्द-तरङ्ग ।।
ताइ, दुलिछे दिनकर चन्द्र तारा,
चमकि कम्पिछे चेतनाधारा,
आकुल चञ्चल नाचे संसार, कुहरे हृदयविहङ्ग।।

१९०८

---

४४. **दाओ**—दो; **मोरे**—मुझे; **शकति**—शक्ति; **लुटाये**—लुटा कर, लुण्ठित कर; **बसति**—बस्ती; **भारती**—वाणी, भाषा ।

४५. **उद्वेलिया**—उद्वेलित करती हुई; **मगन......अनागत**—भूत और भविष्य को निमज्जित करती हुई; **ताइ**—इसीलिये; **दुलिछे**—दोलायित हो रहे हैं; **कम्पिछे**—काँप रही है; **कुहरे**—कूजता है, चहकता है ।

४६

भुवनेश्वर हे,
मोचन कर' बन्धन सब मोचन कर' हे ।।
प्रभु मोचन कर' भय,
सब दैन्य करह लय,
नित्य चकित चञ्चल चित कर' निःसंशय ।
तिमिररात्रि, अन्ध यात्री,
समुखे तव दीप्त दीप तुलिया धर' हे ।।
भुवनेश्वर हे,
मोचन कर' जड़विषाद मोचन कर' हे ।
प्रभु, तव प्रसन्न मुख
सब दुःख करुक सुख,
धूलिपतित दुर्बल चित करह जागरूक ।
तिमिररात्रि, अन्ध यात्री,
समुखे तव दीप्त दीप तुलिया धर' हे ।।
भुवनेश्वर हे,
मोचन कर' स्वार्थपाश मोचन कर' हे ।
प्रभु विरस विकल प्राण,
कर' प्रेमसलिल दान,
क्षतिपीड़ित शंकित चित कर' सम्पदवान ।
तिमिररात्रि, अन्ध यात्री,
समुखे तव दीप्त दीप तुलिया धर' हे ।।

१९०८

---

४६. **करह**—करो; **करुक**—करे; **तुलिया धर'**—उठा कर रखो ।

४७

यदि तोमार देखा ना पाइ प्रभु, एबार ए जीवने,
तबे तोमाय आमि पाइ नि येन से कथा रय मने।
येन भुले ना याइ, वेदना पाइ शयने स्वपने ॥

ए संसारेर हाटे
आमार यतइ दिवस काटे,
आमार यतइ दु हात भरे उठे धने
तबु किछुइ आमि पाइ नि येन से कथा रय मने।
येन भुले ना याइ, वेदना पाइ शयने स्वपने ॥

यदि आलसभरे
आमि बसि पथेर 'परे,
यदि धुलाय शयन पाति सयतने
येन सकल पथइ बाकि आछे से कथा रय मने।
येन भुले ना याइ, वेदना पाइ शयने स्वपने ॥

यतइ उठे हासि,
घरे यतइ बाजे बाँशि,
ओगो यतइ गृह साजाइ आयोजने
येन तोमाय घरे हय नि आना से कथा रय मने।
येन भुले ना याइ, वेदना पाइ शयने स्वपने ॥

१९०८

---

से तो नहीं चलेगा; **तोर......ना**—तेरी आशालता टूट कर गिर जाएगी, हो सकता है कि (उस में) फल न फले; **आसबे......थेमे**—रास्ते में अन्धकार उतर आएगा, तो क्या इसीलिये (तू) रुक रहेगा; **ओ......ना**—ओ, तू बार-बार बत्ती जलाएगा, हो सकता है, बत्ती न जले; **शुने......प्राणी**—तुहारे मुख की वाणी सुन कर वन के प्राणी (तुम्हें) आ घेरेंगे; **हयतो......ना**—हो सकता है, तुम्हारे अपने घर में पत्थर के हृदय न गलें; **बद्ध......चले**—दरवाजा बन्द देखा, इसीलिये क्या तू वैसे ही चला आएगा; **तोरे......ना**—तुझे बार-बार ठेलना होगा, (फिर भी) हो सकता है दरवाजा न टलें।

१६. **विधिर.....शक्तिमान**—विधि के बन्धन को काटोगे, (क्या) तुम ऐसे शक्तिमान हो; **कि**—क्या; **एमनि**—ऐसे ही; **आमादेर......अभिमान**—हम लोगों का विनाश और निर्माण तुम्हारे हाथों में है, ऐसा (तुम्हें) अभिमान है;

चिरदिन टानबे पिछे, चिरदिन राखबे नीचे—
एत बल नाइ रे तोमार, सबे ना सेइ टान ।।
शासने यतइ घेर' आछे बल दुर्बलेरओ,
हओ-ना यतइ बड़ो आछेन भगवान ।
आमादेर शक्ति मेरे तोराओ बाँचबि ने रे,
बोझा तोर भारी हलेइ डुबबे तरीखान ।।

१९०५

१७

बुक बेँधे तुइ दाँड़ा देखि, बारे बारे हेलिस ने भाइ ।
शुधु तुइ भेबे भेबेइ हातेर लक्ष्मी ठेलिस ने भाइ ।।
एकटा किछु करे ने ठिक, भेसे फेरा मरार अधिक—
बारेक ए दिक बारेक ओ दिक, ए खेला आर खेलिस ने भाइ ।
मेले कि ना मेले रतन करते तबु हबे यतन—
ना यदि हय मनेर मतन चोखेर जलटा फेलिस ने भाइ ।

तोमादेर—तुम लोगों को; **टानबे पिछे**—पीछे खींचोगे; **राखबे नीचे**—नीचे रखोगे; **एत......तोमार**—इतना बल तुममें नहीं है; **सबे......टान**—वह खिंचाव सहा नहीं जाएगा; **शासने......दुर्बलेरओ**—शासन से चाहे जितना ही घेरो, दुर्बल के भी बल है; **हओ......भगवान्**—(तुम) चाहे जितने बड़े क्यों न होओ, भगवान् विद्यमान हैं; **आमादेर......ने**—हम लोगों की शक्ति को मार (विनष्ट) कर तुम सब भी नहीं बचोगे; **बोझा.......तरीखान**—बोझ तेरा भारी होते ही (तेरी) नौका डूब जाएगी।

१७. **बुक.....भाइ**—छाती तान कर तू खड़ा तो हो, देखें; बार-बार झुक मत, भाई; **शुधु......भाइ**—केवल सोच-सोच कर ही हाथ की लक्ष्मी को न ठेल, भाई; **एकटा......अधिक**—कुछ-न-कुछ तय कर ले, बहते फिरना मरने से भी अधिक है; **बारेक......भाइ**—एक बार इस ओर, एक बार उस ओर, यह खेल और न खेल, भाई; **मेले......यतन**—रत्न मिले या न मिले, तौ भी यत्न तो करना ही होगा; **ना......भाइ**—यदि मन के अनुरूप न हो तो आँखों से जल

भासाते हय भासा भेला, करिस ने आर हेलाफेला—
पेरिये यखन याबे वेला तखन आँखि मेलिस ने भाइ ॥
१९०५

१८

यदि तोर डाक शुने केउ ना आसे तबे एकला चलो रे।
एकला चलो, एकला चलो, एकला चलो रे ॥
यदि केउ कथा ना कय, ओरे ओरे ओ अभागा,
यदि सबाइ थाके मुख फिराये, सबाइ करे भय—
तबे परान खुले
ओ तुइ मुख फुटे तोर मनेर कथा एकला बलो रे ॥
यदि सबाइ फिरे याय, ओरे ओरे ओ अभागा,
यदि गहन पथे याबार काले केउ फिरे ना चाय—
तबे पथेर काँटा
ओ तुइ रक्तमाखा चरणतले एकला दलो रे ॥
यदि आलो ना धरे, ओरे ओरे ओ अभागा,
यदि झड़बादले आँधार राते दुयार देय घरे—

न बहाना, भाई; **भासाते......हेलाफेला**—अगर तिराना ही हो तो तिरा (अपना) बेड़ा, (अब) और अवहेला न कर; **पेरिये......भाइ**—जब वेला पार हो जाएगी (बीत जाएगी) तब आँखें न खोलना, भाई।

१८. **यदि.....रे**—यदि तेरी पुकार सुन कोई न आवे तो अकेले चलो; **एकला**—अकेले; **यदि.......कय**—यदि कोई बात न बोले; **यदि......भय**—यदि सभी मुख फिराए रहें, सभी भय करें; **तबे......रे**—तब प्राण खोल कर, (साहस से) मुँह खोल अपने मन की बात अकेला ही कह; **यदि.....याय**—यदि सभी लौट जायँ; **यदि.....चाय**—यदि दुर्गम पथ पर जाते समय कोई फिर कर न ताके; **तबे.....रे**—तब पथ के काँटों को लहूलुहान पैरों तले तुम अकेले रौंदो; **आलो.....धरे**—दीप (जलाए) न जले; **यदि.....घरे**—यदि आँधी-पानी में, अँधेरी रात में घर

तबे वज्रानले
आपन बुकेर पाँजर ज्वालिये निये एकला ज्वलो रे ।।

१९०५

१९

सार्थक जनम आमार जन्मेछि एइ देशे ।
सार्थक जनम मा गो, तोमाय भालोबेसे ।।
जानि ने तोर धन-रतन आछे कि ना रानीर मतन,
शुधु जानि आमार अङ्ग जुड़ाय तोमार छायाय एसे ।।
कोन् वनेते जानि ने फुल गन्धे एमन करे आकुल,
कोन् गगने ओठे रे चाँद एमन हासि हेसे ।
आँखि मेले तोमार आलो प्रथम आमार चोख जुड़ालो,
ओइ आलोतेइ नयन रेखे मुदब नयन शेषे ।।

१९०५

२०

आमरा सबाइ राजा आमादेर एइ राजार राजत्वे—
नइले मोदेर राजार सने मिलब की स्वत्वे ।

के दरवाज़े बन्द हो जायँ (सब लोग दरवाज़ा बन्द कर लें); **तबे.......रे**—तब वज्राग्नि से अपनी छाती के पंजर को प्रज्वलित कर अकेले ही जलते रहो ।

१९. **सार्थक.......देशे**—सार्थक है मेरा जन्म कि इस देश में जन्मा हूँ; **तोमाय भालोबेसे**—तुम्हें प्यार कर; **जानि......मतन**—नहीं जानता कि रानी के समान तुम्हारे धन-रत्न हैं या नहीं; **शुधु......एसे**—केवल (इतना ही) जानता हूँ, तुम्हारी छाया में आ कर मेरे अंग जुड़ा जाते हैं; **कोन्......आकुल**—नहीं जानता, किस वन में फूल गन्ध से इतना आकुल करते हैं; **कोन्......हेसे**—किस आकाश में ऐसी हँसी हँसता चाँद उदित होता है; **आँखि......जुड़ालो**—(मेरे) आँखें खोलते ही तुम्हारे प्रकाश ने पहले-पहल मेरी आँखों को शीतल किया; **ओइ......शेषे**—उसी प्रकाश में नयनों को निबद्ध कर अन्त में नयन मूँदूँगा ।

२०. **आमरा.....राजत्वे**—अपने इस राजा के राज में हम सभी राजा हैं; **नइले......स्वत्वे**—नहीं तो अपने राजा के सँग किस अधिकार से मिलेंगे; **आमरा**

आमरा या खुशि ताइ करि,
तबु ताँर खुशितेइ चरि,
आमरा नइ बाँधा नइ दासेर राजार त्रासेर दासत्वे—
नइले मोदेर राजार सने मिलब की स्वत्वे ।।
राजा सबारे देन मान,
से मान आपनि फिरे पान,
मोदेर खाटो क'रे राखे नि केउ कोनो असत्ये—
नइले मोदेर राजार सने मिलब की स्वत्वे ।।
आमरा चलब आपन मते,
शेषे मिलब ताँरि पथे,
मोरा मरब ना केउ विफलतार विषम आवर्ते—
नइले मोदेर राजार सने मिलब की स्वत्वे ।।

१९१०

२१

हे मोर चित्त, पुण्य तीर्थे जागो रे धीरे
एइ भारतेर महामानवेर सागरतीरे।
हेथाय दाँड़ाये दु बाहु बाड़ाये नमि नरदेवतारे,
उदार छन्दे परमानन्दे वन्दन करि ताँरे।

......**चरि**—हम लोग जो खुशी वही करते हैं, फिर भी उनकी खुशी के अनुसार ही विचरण करते हैं; **आमरा......बाँधा**—हम लोग बँधे नहीं हैं; **सबारे..... मान**—सब को सम्मान देते हैं; **से......पान**—वह सम्मान वे आप ही वापस पाते हैं; **मोदेर......असत्ये**—हम लोगों को किसी ने किसी असत्य से छोटा बना कर नहीं रखा; **आमरा......शेषे**—हम लोग अपने ही ढँग से चलेंगे; **मते......पथे**— अन्त में उन्हीं के पथ में मिलेंगे; **मोरा......आवर्ते**—विफलता के विषम आवर्त (भँवर) में हम लोग कोई नहीं मरेंगे।

२१. **मोर**—मेरे; **एइ......तीरे**—इस भारत के महामानव-सागर के तीर पर; **हेथाय......नर देवतारे**—यहाँ खड़े हो, दोनों बाँहें बढ़ा कर नर-देवता को नमस्कार करता हूँ; **उदार......ताँरे**—उदार छन्दों में, परम आनन्द से उन्हीं

ध्यानगम्भीर एइ ये भूधर, नदी-जपमाला-धृत-प्रान्तर,
हेथाय नित्य हेरो पवित्र धरित्रीरे—
एइ भारतेर महामानवेर सागरतीरे ।।
केह नाहि जाने कार आह्वाने कत मानुषेर धारा
दुर्वार स्रोते एल कोथा हते, समुद्रे हल हारा ।
हेथाय आर्य, हेथा अनार्य, हेथाय द्राविड़ चीन—
शक-हूण-दल पाठान-मोगल एक देहे हल लीन ।।
पश्चिमे आजि खुलियाछे द्वार, सेथा हते सबे आने उपहार,
दिबे आर निबे, मिलाबे मिलिबे याबे ना फिरे—
एइ भारतेर महामानवेर सागरतीरे ।।
एसो हे आर्य, एसो अनार्य, हिन्दु-मुसलमान ।
एसो एसो आज तुमि इंराज, एसो एसो खृस्टान ।
एसो ब्राह्मण, शुचि करि मन धरो हात सबाकार ।
एसो हे पतित, होक अपनीत सब अपमानभार ।
मार अभिषेके एसो एसो त्वरा, मङ्गलघट हय नि ये भरा
सबार-परशे-पवित्र-करा तीर्थनीरे—
आजि भारतेर महामानवेर सागरतीरे ।।

१९१०

की वन्दना करता हूँ; **एइ ये**—यह जो; **धृत**—धारण किए हुए; **प्रान्तर**—तरुशून्य सुदूर पथ या मैदान; **हेथाय**—यहाँ; **हेरो**—दर्शन करो; **केह.....धारा**—कोई नहीं जानता, किसके आह्वान पर कितने मनुष्यों की धारा; **दुर्वार......हारा**—दुर्दमनीय स्रोत में कहाँ से आई (और इस) समुद्र में खो गई; **हेथा**—यहाँ; **पाठान**—पठान; **एक......लीन**—एक देह में लीन हो गए; **पश्चिमे......उपहार**—आज पश्चिम ने द्वार खोला है, वहाँ से सभी उपहार लाते हैं; **दिबे.....फिरे**—देंगे और लेंगे, विलीन करेंगे और विलीन हो जाएँगे, लौट कर नहीं जाएँगे; **एसो**—आओ; **इंराज** (इसका उच्चारण इंग्राज है)—अंग्रेज़; **खृस्टान**—ईसाई; **एसो.....सबाकार**—आओ ब्राह्मण, मन को पवित्र कर सब का हाथ पकड़ो; **होक......भार**—अपमान का सब भार दूर हो; **मार......त्वरा**—माँ के अभिषेक में शीघ्र आओ, आओ; **मङ्गल......भरा**—मंगलघट भरना जो नहीं हुआ; **सबार......नीरे**—सबके स्पर्श से पवित्र किए हुए तीर्थ-जल से ।

२२

जनगणमन-अधिनायक जय हे भारतभाग्यविधाता।
पञ्जाब सिन्धु गुजराट मराठा द्राविड़ उत्कल वङ्ग
विन्ध्य हिमाचल यमुना गङ्गा उच्छल जलधितरङ्ग
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिस मागे,
गाहे तव जयगाथा।
जनगणमङ्गलदायक जय हे भारतभाग्यविधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय, जय हे ॥
अहरह तव आह्वान प्रचारित, शुनि तव उदार वाणी
हिन्दु बौद्ध शिख जैन पारसिक मुसलमान खृस्टानी
पूरब पश्चिम आसे तव सिंहासन-पाशे,
प्रेमहार हय गाँथा।
जनगण-ऐक्यविधायक जय हे भारतभाग्यविधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय, जय हे ॥
पतन-अभ्युदय-बन्धुर पन्था, युग-युग-धावित यात्री—
हे चिरसारथि, तव रथचक्रे मुखरित पथ दिनरात्रि।
दारुण विप्लव-माझे तव शङ्खध्वनि बाजे
संकटदु:खत्राता।
जनगणपथपरिचायक जय हे भारतभाग्यविधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय, जय हे ॥
घोर तिमिरघन निविड़ निशीथे पीड़ित मूर्छित देशे।
जाग्रत छिल तव अविचल मङ्गल नतनयने अनिमेषे।
दु:स्वप्ने आतङ्के रक्षा करिले अङ्के
स्नेहमयी तुमि माता।

---

२२. **गुजराट**—गुजरात; **मागे**—माँगते हैं; **गाहे**—गाते हैं; **शुनि**—सुन कर; **शिख**–सिख; **पारसिक**—पारसी; **खृस्टानी**—ईसाई; **आसे**—आते हैं; **पाशे**—पार्श्व में; बगल में; **प्रेम......गाँथा**—प्रेमहार गूँथा जाता है; **पतन...... पन्था**—पतन-उत्थान से ऊँचानीचा रास्ता; **छिल**—था; **रक्षा.....अंके**—अंक

जनगणदुःखत्रायक जय हे, भारतभाग्यविधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय, जय हे ।।
रात्रि प्रभातिल, उदिल रविच्छवि पूर्व-उदयगिरिभाले,
गाहे विहङ्गम, पुण्य समीरण नवजीवनरस ढाले।
तव करुणारुणरागे निद्रित भारत जागे
तव चरणे नत माथा।
जय जय जय हे, जय राजेश्वर भारतभाग्यविधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय, जय हे ।।

१९११

२३

आमादेर यात्रा हल शुरु, एखन ओगो कर्णधार,
तोमारे करि नमस्कार ।।
एखन वातास छुटुक, तुफान उठुक, फिरब ना गो आर—
तोमारे करि नमस्कार ।।
आमरा दिये तोमार जयध्वनि विपद बाधा नाहि गणि,
ओगो कर्णधार।
एखन मा भैः बलि भासाइ तरी, दाओ गो करि पार—
तोमारे करि नमस्कार ।।
एखन रइल यारा आपन घरे चाब ना पथ तादेर तरे,
ओगो कर्णधार।

में (तुमने) रक्षा की; **प्रभातिल**—प्रभात हुई; **उदिल**—उदित हुई; **गाहे**—गाते हैं।

२३. **आमादेर......शुरु**—हम लोगों की यात्रा शुरू हुई; **एखन**—अब, इस क्षण; **तोमारे......नमस्कार**—(हम) तुम्हें नमस्कार करते हैं; **एखन...... आर**—अब हवा वेग से बहे, तूफ़ान उठे, (हम) और नहीं लौटेंगे; **आमरा...... गणि**—तुम्हारी जयध्वनि कर हम लोग विपद-बाधा नहीं गिनते ; **एखन.......पार**—इस समय 'मा भैः' (भय मत करो) कहते हुए नौका तिराएँ, अजी, (तुम) पार कर दो; **एखन......तरे**—इस समय जो अपने घर में रह गए हैं, उनके लिये (हम

यखन तोमार समय एल काछे तखन के वा कार—
तोमारे करि नमस्कार ।।
आमार के वा आपन, के वा अपर, कोथाय बाहिर, कोथा वा घर
ओगो कर्णधार ।
चेये तोमार मुखे मनेर सुखे नेब सकल भार—
तोमारे करि नमस्कार ।।
आमरा नियेछि दाँड़, तुलेछि पाल, तुमि एखन धरो गो हाल,
ओगो कर्णधार ।
मोदेर मरण बाँचन ढेउयेर नाचन, भावना की वा तार—
तोमारे करि नमस्कार ।।
आमरा सहाय खुँजे द्वारे द्वारे फिरब ना आर बारे बारे,
ओगो कर्णधार ।
केवल तुमिइ आछ आमरा आछि, एइ जेनेछि सार—
तोमारे करि नमस्कार ।।

१९१३

२४

मातृमन्दिर-पुण्य-अङ्गन कर' महोज्ज्वल आज हे,
वर —पुत्रसङ्घ विराज' हे ।
शुभ शङ्ख बाजह बाज' हे ।

लोग) रास्ता नहीं देखेंगे; **यखन......कार**—जब तुम्हारा मुहूर्त निकट आ गया, तब भला कौन किसका है; **आमार......घर**—मेरा ही कौन अपना है, कौन पराया है, कहाँ बाहर है, कहाँ घर है; **चेये......भार**—तुम्हारे मुख को देखता, मन की मौज में सब भार ले लूँगा; **आमरा......हाल**—हम लोगों ने डाँड़ सँभाल लिया है, पाल चढ़ा दिया है, अब तुम पतवार धरो; **मोदेर......तार**—हम लोगों का मरना-बचना, लहरों का नाचना है, भला उसकी क्या चिन्ता; **आमरा......बारे**—हम लोग अब बार-बार द्वार-द्वार सहारा खोजते नहीं फिरेंगे; **केवल......सार**—तुम हो, हम लोग हैं, केवल यही सार (मर्म) जाना है ।

२४. **पुण्य**—पवित्र; **अङ्गन**—आँगन; **कर'**—करो; **बाजह**—बजाओ;

घन तिमिररात्रिर चिर प्रतीक्षा
पूर्ण कर', लह' ज्योतिदीक्षा,
यात्रिदल सब साज' हे।
शुभ शङ्ख बाजह बाज' हे।
बल' जय नरोत्तम, पुरुषसत्तम,
जय तपस्वीराज हे।
जय हे, जय हे, जय हे ।।

एस' वज्रमहासने मातृ-आशीर्भाषिणे,
सकल साधक एस' हे, धन्य कर' ए देश हे।
सकल योगी, सकल त्यागी, एस' दुःसहदुःखभागी—
एस' दुर्जयशक्तिसम्पद मुक्तबन्ध समाज हे।
एस' ज्ञानी, एस' कर्मी, नाश' भारत-लाज हे।
एस' मङ्गल, एस' गौरव,
एस' अक्षय-पुण्य-सौरभ,
एस' तेजःसूर्य उज्ज्वल कीर्ति-अम्बर-माझ हे।
वीरधर्मे पुण्यकर्मे विश्वहृदये राज' हे।
शुभ शङ्ख बाजह बाज' हे।
जय जय नरोत्तम, पुरुषसत्तम,
जय तपस्वीराज हे।
जय हे, जय हे, जय हे ।।

१९२१

२५

नाइ नाइ भय, हबे हबे जय, खुले याबे एइ द्वार—
जानि जानि तोर बन्धनडोर छिँड़े याबे बारे-बार ।।

बल'—बोलो; **एस'**—आओ; **नाश'**—नष्ट करो; **माझ**—में; **राज'**—विराजो।

२५. **नाइ......द्वार**—भय नहीं, भय नहीं, जय होगी, जय होगी, यह द्वार खुल जाएगा; **जानि......बार**—जानता हूँ, तेरे बन्धन की डोर बार-बार छिन्न

खने खने तुइ हाराये आपना सुप्तिनिशीथ करिस यापना—
बारे बारे तोरे फिरे पेते हबे विश्वेर अधिकार ।।
स्थले जले तोर आछे आह्वान, आह्वान लोकालये—
चिरदिन तुइ गाहिबि ये गान सुखे दुखे लाजे भये।
फुल पल्लव नदी निर्झर सुरे सुरे तोर मिलाइबे स्वर—
छन्दे ये तोर स्पन्दित हबे आलोक अन्धकार ।।

१९२५

२६

संकोचेर विह्वलता निजेरे अपमान,
संकटेर कल्पनाते होयो ना म्रियमाण।
मुक्त करो भय,
आपना-माझे शक्ति धरो, निजेरे करो जय ।।
दुर्बलेरे रक्षा करो, दुर्जनेरे हानो,
निजेरे दीन निःसहाय येन कभु ना जानो।
मुक्त करो भय,
निजेर 'परे करिते भर ना रेखो संशय ।।

होगी; **खने....यापना**—क्षण-क्षण अपने को खो कर तू नींद की रात्रि यापन कर रहा है; **बारे.....अधिकार**—बार-बार तुझे विश्व का अधिकार वापस पाना होगा; **स्थले.....लोकालये**—स्थल में, जल में तेरा आह्वान है, लोकालय (नगर, ग्राम आदि) में आह्वान है; **तुइ**—तू; **गाहिबि......गान**—गान गाएगा; **सुरे......स्वर**—तेरे प्रत्येक सुर में स्वर मिलाएँगे; **छन्दे**—छन्द में; **तोर**—तेरे; **हबे**—होंगे।

२६. **संकोचेर......अपमान**—संकोच की कातरता अपने को ही अपमानित करना है; **संकटेर......म्रियमाण**—संकट की कल्पना से मरणापन्न न होना; **मुक्त......भय**—भय से मुक्त हो; **आपना-माझे**—अपने भीतर; **दुर्बलेरे**—दुर्बल की; **हानो**—विनष्ट करो; **निजेरे......जानो**—ऐसा हो कि अपने को दीन और निःसहाय कभी न मानो; **निजेर......संशय**—अपने ऊपर निर्भर रहने में संदेह

धर्म यबे शङ्खरवे करिबे आह्वान
नीरव हये, नम्र हये, पण करियो प्राण।
मुक्त करो भय,
दुरूह काजे निजेरइ दियो कठिन परिचय।।

१९२९

२७

व्यर्थ प्राणेर आवर्जना पुड़िये फेले आगुन ज्वालो।
एकला रातेर अन्धकारे आमि चाइ पथेर आलो।।
दुन्दुभिते हल रे कार आघात शुरु,
बुकेर मध्ये उठल बेजे गुरुगुरु—
पालाय छुटे सुप्तिरातेर स्वप्ने-देखा मन्द भालो।।
निरुद्देशेर पथिक आमाय डाक दिले कि—
देखते तोमाय ना यदि पाइ नाइ वा देखि।
भितर थेके घुचिये दिले चाओया पाओया,
भावनाते मोर लागिये दिले झड़ेर हाओया,
वज्रशिखाय एक पलके मिलिये दिले सादा कालो।।

१९३३

न रखो; **यबे**—जब; **करिबे**—करेगा; **हये**—हो कर; **पण.....प्राण**—प्राणों की बाजी लगाना; **दुरूह.....परिचय**—कठिन काम में अपना ही कठिन परिचय देना।

२७. **व्यर्थ.......ज्वालो**—व्यर्थ-प्राणों की आवर्जना को दग्ध कर अग्नि जलाओ; **एकला......आलो**—एकाकिनी रात्रि के अन्धकार में मैं पथ का आलोक चाहता हूँ; **दुन्दुभिते......शुरू**—दुन्दुभी पर किसकी चोट शुरू हुई; **बुकेर...... गुरुगुरु**—हृदय के भीतर मेघ-मन्द्र ध्वनि बज उठी; **पालाय......भालो**—सुप्ति की रात्रि का स्वप्न में देखा हुआ बुरा-भला दौड़ कर भागता है; **निरुद्देशेर...... कि**—निरुद्देश्य के पथिक, क्या तुमने मुझे पुकारा; **देखते......देखि**—तुम्हें यदि न देख पाऊँ तो न सही; **भितर......पाओया**—भीतर से (तुमने) चाहना-पाना मिटा दिया; **भावनाते......हाओया**—मेरी चिन्ता में (तुमने) तूफ़ान की हवा लगा दी; **वज्रशिखाय**—वज्रशिखा में; **एक पलके**—पल-भर में, क्षण-भर में; **मिलिये......कालो**—उजले-काले को विलीन कर दिया।

२८

शुभ कर्मपथे धर' निर्भय गान।
सब दुर्बल संशय होक अवसान॥
चिर– शक्तिर निर्झर नित्य झरे
लह' से अभिषेक ललाट- 'परे।
तव जाग्रत निर्मल नूतन प्राण––
त्यागव्रते निक दीक्षा,
विघ्न हते निक शिक्षा––
निष्ठुर संकट दिक सम्मान।
दु:खइ होक तव वित्त महान।
चल' यात्री, चल' दिनरात्रि––
कर' अमृतलोक-पथ अनुसन्धान।
जड़तातामस हओ उत्तीर्ण,
क्लान्तिजाल कर' दीर्ण विदीर्ण––
दिन-अन्ते अपराजित चित्ते
मृत्युतरण तीर्थे कर' स्नान॥

१९३६

२९

ओरे, नूतन युगेर भोरे
दिस ने समय काटिये वृथा समय विचार करे॥
की रबे आर की रबे ना, की हबे आर की हबे ना,

---

२८. **धर'.....गान**––निर्भय गान प्रारंभ करो; **होक**––हो; **लह'..... 'परे**––उस अभिषेक को ललाट पर लो(ग्रहण करो); **निक**––(तुम्हारे प्राण) लें (ग्रहण करें); **हते**––से; **निष्ठुर......सम्मान**––कठिन संकट (तुम्हें) सम्मान दे; **दुःखइ**––दु:ख ! ी; **चल'**––चलो; **कर'**––करो; **हओ**––होओ।

२९. **दिस.....करे**––समय का विचार करते-करते व्यर्थ समय न काट दे (बिता दे); **की.....हबे ना**––क्या रहेगा (और) क्या नहीं रहेगा, क्या

ओरे हिसाबि,
ए संशयेर माझे कि तोर भावना मिशाबि ।।
येमन करे झर्ना नामे दुर्गम पर्वते
निर्भावनाय झाँप दिये पड़् अजानितेर पथे ।
जागबे ततइ शक्ति यतइ हानबे तोरे माना,
अजानाके वश करे तुइ करबि आपन जाना ।
चलाय चलाय बाजबे जयेर भेरी——
पायेर वेगेइ पथ केटे याय, करिस ने आर देरि ।।

१९३८

होगा (और) क्या नहीं होगा; **हिसाबि**—हिसाबी; **ए......मिशाबि**—इस संशय के भीतर क्या अपनी दुश्चिन्ता को मिलाएगा; **येमन......पर्वते**—जैसे दुर्गम पर्वत से झरना उतरता है; **निर्भावनाय......पथे**—(वैसे ही) निश्चिन्त हो कर अज्ञात-पथ पर कूद जा; **जागबे......माना**—जितनी ही तुझे बाधा मिलेगी, उतनी ही (तेरी) शक्ति जागेगी; **अजानाके......जाना**—अज्ञात को वश में कर तू अपना ज्ञात (परिचित) बना लेगा; **चलाय......भेरी**—(तेरे) हर चलने में (पद-पद पर) जय-भेरी बजेगी; **पायेर......देरि**—पैरों के वेग से ही रास्ता कट जाता है, (अब) और देर न कर।

आनुष्ठानिक गान

१

एसो हे गृहदेवता।
ए भवन पुण्यप्रभावे करो पवित्र।।
विराजो जननी, सबार जीवन भरि—
देखाओ आदर्श महान चरित्र।।
शिखाओ करिते क्षमा, करो हे क्षमा,
जागाये राखो मने तव उपमा,
देहो धैर्य हृदये—
सुखे दुखे संकटे अटल चित्त।।
देखाओ रजनी-दिवा विमल विभा,
वितरो पुरजने शुभ्र प्रतिभा—
नव शोभाकिरणे
करो गृह सुन्दर रम्य विचित्र।।
सबे करो प्रेमदान पूरिया प्राण—
भुलाये राखो सखा, आत्माभिमान।
सब वैर हबे दूर
तोमारे वरण करि जीवनमित्र।।

१८९६

---

१. **एसो**—आओ; ('देवता' यहाँ संस्कृत के अनुसार स्त्रीलिंगवाचक भी है); **ए भवन**—इस गृह को; **सबार**—सब का; **भरि**—भर कर; **शिखाओ**—सिखाओ; **करिते क्षमा**—क्षमा करना; **जागाये......मने**—मन में जगा रखो; **उपमा**—दृष्टान्त; **देहो**—दो; **वितरो**—वितरण करो; **पूरिया**—पूर्ण कर; **हबे**—होगा; **तोमारे......करि**—तुम्हें वरण करके।

२

ये तरणीखानि भासाले दुजने आजि हे नवीन संसारी,
काण्डारी कोरो ताँहारे ताहार यिनि ए भवेर काण्डारी ।।
कालपारावार यिनि चिरदिन करिछेन पार विरामविहीन
शुभयात्राय आजि तिनि दिन प्रसादपवन सञ्चारि ।।
नियो नियो चिरजीवनपाथेय, भरि नियो तरी कल्याणे ।
सुखे दुखे शोके, आँधारे आलोके, येयो अमृतेर सन्धाने ।
बाँधा नाहि थेको आलसे आवेशे, झड़े झञ्झाय चले येयो हेसे,
तोमादेर प्रेम दियो देशे देशे विश्वेर माझे विस्तारि ।।

१९०८

३

फिरे चल् माटिर टाने—
ये माटि आँचल पेते चेये आछे मुखेर पाने ।
यार बुक फेटे एइ प्राण उठेछे, हासिते यार फुल फुटेछे रे,
डाक दिल ये गाने गाने ।।

---

२. **ये......संसारी**—हे नवीन गृहस्थ, आज (तुम) दोनों ने जिस नौका को तिराया है; **काण्डारी......काण्डारी**—उन्हीं को उस (नौका) का कर्णधार बनाओ जो इस संसार (सागर) के कर्णधार हैं; **यिनि**—जो; **करिछेन**—कर रहे हैं; **शुभ......सञ्चारि**—शुभ यात्रा में आज वे (अपने) प्रसाद (कृपा रूपी) पवन का संचार कर दें; **नियो**—लेना; **भरि......कल्याणे**—नौका को कल्याण से पूर्ण कर लेना; **येयो**—जाना; **सन्धाने**—खोज में; **बाँधा......थेको**—बँधे नहीं रहना; **झड़े......हेसे**—आँधी-तूफ़ान में हँसते-हँसते चले जाना; **तोमादेर...... विस्तारि**—संसार में देश-देश में अपने प्रेम को प्रसारित कर देना।

३. **फिरे......टाने**—मिट्टी के आकर्षण से लौट चल; **ये.....पाने**—जो-मिट्टी आँचल पसारे (तेरे) मुख की ओर दृष्टि लगाए है; **यार......उठेछे**—जिसके वक्ष को विदीर्ण कर यह प्राण अंकुरित हुआ है; **हासिते......रे**—जिसकी हँसी से फूल खिले हैं; **डाक......गाने**—जिसने हर गीत में (तुझे) पुकारा है;

दिक् हते ओइ दिगन्तरे कोल रयेछे पाता,
जन्ममरण तारि हातेर अलख सुतोय गाँथा।
ओर हृदय-गला जलेर धारा सागर-पाने आत्महारा रे
प्राणेर वाणी बये आने।।

१९२२

४

अग्निशिखा, एसो एसो, आनो आनो आलो।
दुःखे सुखे घरे घरे गृहदीप ज्वालो।।
आनो शक्ति, आनो दीप्ति, आनो शान्ति, आनो तृप्ति,
आनो स्निग्ध भालोबासा, आनो नित्य भालो।।
एसो पुण्यपथ बेये एसो हे कल्याणी।
शुभ सुप्ति, शुभ जागरण देहो आनि।
दुःखराते मातृवेशे जेगे थाको निर्निमेषे,
आनन्द-उत्सवे तव शुभ्र हासि ढालो।।

१९२५

५

आय आमादेर अङ्गने अतिथि बालक तरुदल—
मानवेर स्नेहसङ्ग ने, चल् आमादेर घरे चल्।।

दिक्......पाता—एक दिशा से दूसरी दिशा तक (उसकी) गोद फैली हुई है; **जन्म......गाँथा**—जन्म-मरण उसी के हाथ के अलक्ष्य सूत्र (डोर) में गुँथे हुए हैं; **ओर......रे**—सागर के प्रति उसके विगलित हृदय की आत्मविस्मृत जलधारा; **प्राणेर......आने**—प्राणों की वाणी वहन कर लाती है।

४. **एसो**—आओ; **आनो**—लाओ; **आलो**—आलोक; **भालोबासा**—प्रेम; **भालो**—भला, शुभ; **पुण्यपथ बेये**—पवित्र-पथ से हो कर; **देहो आनि**—ला दो; **जेगे थाको**—जागती रहो; **हासि**—हँसी।

५. यह गान शान्तिनिकेतन में 'वृक्षरोपण' उत्सव के अवसर पर लगाए जाने वाले पौधों को संबोधन कर गाया जाता है। अब यह उत्सव रवीन्द्रनाथ की

श्याम वङ्किम भङ्गिते   चञ्चल कलसंगीते
द्वारे निये आय शाखाय शाखाय   प्राण-आनन्द-कोलाहल ।।
तोदेर नवीन पल्लवे   नाचुक आलोक सवितार,
दे पवने वनवल्लभे   मर्मरगीत-उपहार ।
आजि श्रावणेर वर्षणे   आशीर्वादेर स्पर्श ने,
पड़ुक माथाय पाताय पाताय   अमरावतीर धाराजल ।।
१९२९

६

ओरे गृहवासी, खोल् द्वार खोल्, लागल ये दोल ।
स्थले जले वनतले लागल ये दोल ।
खोल् द्वार खोल् ।।
राङा हासि राशि राशि अशोके पलाशे,
राङा नेशा मेघे मेशा प्रभात-आकाशे,
नवीन पाताय लागे राङा हिल्लोल ।।
वेणुवन मर्मरे दखिन-वातासे,
प्रजापति दोले घासे घासे ।

निधन-तिथि को मनाया जाता है। **आय......अङ्गने**—हम लोगों के आँगन में आओ; **भङ्गिते**—भंगिमा से; **द्वारे......आय**—द्वार पर ले आ; **शाखाय शाखाय**—शाखा-शाखा में; **तोदेर**—तुम लोगों के; **नाचुक**—नाचे; **सवितार**—सूर्य का; **आजि......ने**—आज श्रावण की वर्षा में आशीर्वाद का स्पर्श लो; **पड़ुक**—पड़े; **माथाय**—माथे पर; **पाताय पाताय**—पत्ती-पत्ती पर।

६. **लागल......दोल**—दोल (आन्दोलन, होली का स्पर्श) जो लगा है; **राङा......पलाशे**—अशोक, पलाश में राशि-राशि लाल हँसी (छाई) है; **राङा**—लाल, रंगीन; **नेशा**—नशा; **मेशा**—घुला-मिला; **नवीन......हिल्लोल**—नवीन कोंपलों को अरुण हिलोरा छू रहा है; **वेणुवन......वातासे**—दक्षिण-पवन में बाँस का वन मर्मर करता है; **प्रजापति......घासे**—तृण-तृण पर तितलियाँ

मउमाछि फिरे याचि फुलेर दखिना,
पाखाय बाजाय तार भिखारिर वीणा,
माधवीविताने वायु गन्धे विभोल ।।

१९३०

७

प्रेमेर मिलन-दिने सत्य साक्षी यिनि अन्तर्यामी
नमि ताँरे आमि— नमि नमि ।
विपदे सम्पदे सुखे दुखे साथि यिनि दिनराति अन्तर्यामी
नमि ताँरे आमि— नमि नमि ।
तिमिररात्रे याँर दृष्टि ताराय ताराय,
याँर दृष्टि जीवनेर मरणेर सीमा पाराय,
याँर दृष्टि दीप्त सूर्य-आलोके अग्निशिखाय, जीव-आत्माय अन्तर्यामी
नमि ताँरे आमि— नमि नमि ।
जीवनेर सब कर्म संसार धर्म करो निवेदन ताँर चरणे
यिनि निखिलेर साक्षी, अन्तर्यामी
नमि ताँरे आमि— नमि नमि ।।

१९३९

थिरक रही हैं; **मउमाछि......वीणा**—मधुमक्खियाँ फूलों से दक्षिणा (दान) की याचना करती फिरती हैं, अपने परों से भिखारी की बीन बजाती हैं; **गन्धे**—गन्ध से; **विभोल**—विभोर।

७. **यिनि**—जो; **नमि......आमि**—मैं उन्हें नमस्कार करता हूँ; **साथि**—साथी; **याँर**—जिनकी; **ताराय ताराय**—तारे-तारे में; **सीमा पाराय**—सीमा पार करती है; **करो......चरणे**—उनके चरणों में अर्पित करो।

८

एकदिन यारा मेरेछिल ताँरे गिये
राजार दोहाइ दिये
ए युगे ताराइ जन्म नियेछे आजि,
मन्दिरे तारा एसेछे भक्त साजि—
घातक सैन्ये डाकि
'मारो मारो' उठे हाँकि।
गर्जने मिशे स्तवमन्त्रेर स्वर—
मानवपुत्र तीव्र व्यथाय कहेन, 'हे ईश्वर,
ए पानपात्र निदारुण विषे भरा
दूरे फेले दाओ, दूरे फेले दाओ त्वरा।'

१९३९

९

सबारे करि आह्वान—
एसो उत्सुकचित्त, एसो आनन्दित प्राण।
हृदय देहो पाति, हेथाकार दिवा राति
करुक नवजीवनदान॥

---

८. **एकदिन......दिये**—एक दिन जिन्होंने राजा की दुहाई दे कर उन्हें जा कर मारा था; **ए......आजि**—इस युग में आज उन्हीं (घातकों) ने जन्म लिया है; **मन्दिरे......साजि**—मन्दिर में वे भक्त का वेश बना कर आए हैं; **सैन्ये**—सैनिकों को; **डाकि**—पुकार कर; **उठे हाँकि**—हाँक लगाते हैं; **मिशे**—मिल जाता है; **व्यथाय**—व्यथा से; **कहेन**—कहते हैं; **विषे भरा**—विष से भरा; **दूरे......दाओ**—दूर फेंक दो।

९. **सबारे......आह्वान**—सब का आह्वान करता हूँ; **एसो**—आओ; **हृदय......पाति**—हृदय बिछा दो; **हेथाकार**—यहाँ के; **करुक**—करें;

आकाशे आकाशे वने वने तोमादेर मने मने
बिछाये बिछाये दिबे गान।
सुन्दरेर पादपीठतले येखाने कल्याणदीप ज्वले
सेथा पाबे स्थान ।।

१९३९

तोमादेर—अपने; **बिछाये......गान**—गीत-गान बिछा देना; **सुन्दरेर...... स्थान**—'सुन्दर' के चरणपीठ-तले जहाँ कल्याण-दीप जलता है, वहाँ स्थान पाओगे।

बँगला शब्दों के उच्चारण की कुछ विशेषताएँ

विश्वकवि रवीन्द्रनाथ के ५०० गीतों का यह संग्रह नागराक्षरों में प्रकाशित हो रहा है। बँगला गीतों में आए हुए शब्द हू-ब-हू वैसे ही हिन्दी में लिखे गए हैं। लेकिन बँगला उच्चारण की अपनी विशेषताएँ हैं। हिन्दी उच्चारण से उसमें अन्तर है। बँगला शब्दों के ठीक-ठीक उच्चारण के लिये उन विशेषताओं की जानकारी प्राप्त कर लेना आवश्यक है। पाठकों के सुभीते के लिये बँगला उच्चारण की कुछ विशेषताओं पर नीचे प्रकाश डालने की चेष्टा की जा रही है :

(१) बँगला में 'अ' का उच्चारण हिन्दी के 'अ' जैसा नहीं होता। वह 'अ' और 'ओ' के बीच में होता है, जैसे अंग्रेज़ी के 'not' में 'o'। बँगला में लिखते हैं 'खाब', लेकिन पढ़ते हैं 'खाबो'-जैसा।

(२) ह्रस्व और दीर्घ इ, उ के उच्चारण में बँगला में काफ़ी स्वतन्त्रता है। यह लचीलापन हिन्दी में नहीं है। दीर्घ ई और ऊ अगर पद के आदि में हों तो उनका उच्चारण प्रायः ह्रस्व-जैसा होता है, जैसे, 'ईश्वर' का उच्चारण 'इश्वर' और 'पूजा' का 'पुजा' होगा।

(३) एकार का उच्चारण 'ए' और 'ऐ' के बीच-जैसा होता है, जैसे बँगला 'एक' में 'ए' का उच्चारण हिन्दी के 'ऐसा' में 'ऐ' के समान होता है।

(४) ऐकार का उच्चारण 'ओइ' जैसा होता है। जैसे, 'ऐकतान'—ओइकतान।

(५) अनुस्वार के उच्चारण में 'ग' का अंश निहित रहता है, जैसे, हिमांशु—हिमांग्शु, बांला—बांग्ला।

(६) हिन्दी के समान, पद का अन्त्य वर्ण प्रायः हलन्त उच्चरित होता है, जैसे, आमार—आमार्, आँधार—आँधार्। लेकिन कविता में छन्दानुरोध से 'अ' के उच्चारण का भी अनुसरण होता है, जैसे, 'बकुल-बागान' में 'बकुल' का उच्चारण बकुल (ो) जैसा भी हो सकता है।

(७) बँगला में 'क्ष' का उच्चारण पद के आदि में बराबर 'ख' होगा, जैसे, क्षिति—खिति; क्षमा—खमा। लेकिन अन्यत्र 'क्ष' का उच्चारण 'क्ख' होगा, जैसे, लक्षण—लक्खण।

(८) बँगला में 'ण' और 'न' दोनों का उच्चारण सदा 'न' ही होता है।

(९) बँगला में 'ब' और 'व' का अन्तर नहीं है। ये दोनों ही 'ब' पढ़े जाते हैं। तत्सम शब्दों के लिखने में भले ही 'व' को 'व' ही लिखा जाय लेकिन उसका उच्चारण 'ब' होता है। जैसे लिखा तो 'विवश' जाता है लेकिन पढ़ा 'बिबश' जाएगा।

(१०) अगर किसी दूसरी भाषा का कोई शब्द अपनाना पड़े और उसमें 'व' का उच्चारण रहे तो उसके लिये बँगला में 'ओय' लिखते हैं, जैसे, 'तिवारी' का 'तिओयारी'; 'हवा' का 'हाओया'। यहाँ 'ओया' का उच्चारण 'वा' ही होगा।

(११) 'य' के उच्चारण में एक विशेषता है। जब 'य' पद के आदि में हो तो उसका उच्चारण 'ज' होता है, जैसे, यात्रा—जात्रा; योग—जोग। लेकिन 'य' अगर पद के मध्य या अन्त में हो तो उसे 'य' ही पढ़ेंगे। जैसे, नियम—नियम; नयन—नयन; समय—समय।

(१२) बँगला में तीनों सकारों का उच्चारण तालव्य 'श' की तरह होता है। लेकिन दन्त्य 'स' के साथ अगर किसी व्यञ्जन वर्ण का योग हो तो उसका उच्चारण 'स' ही होता है, जैसे, स्तब्ध—स्तब्ध; स्निग्ध—स्निग्ध।

(१३) अगर मकार के साथ किसी वर्ण का योग हो तो वह वर्ण सानुनासिक द्वित्व हो कर मकार का लोप कर देता है, जैसे, छद्म—छद्दँ; पद्म—पद्दँ। लेकिन पद के आदि में ऐसा होने पर द्वित्व नहीं होता, जैसे, स्मरण—सँरण; स्मृति—सृँति।

(१४) अगर यकार अथवा वकार के साथ किसी वर्ण का योग हो तो वह द्वित्व हो कर यकार-वकार का लोप कर देगा, जैसे, भृत्य—भृत्त; नित्य—नित्त; वाद्य—बाद्द। लेकिन पद के आदि में केवल वकार का लोप हो जाता है, जैसे, द्वार—दार; ज्वाला—जाला।

(१५) अगर यकार में रेफ हो तो पद के मध्य अथवा अन्त में रहने पर भी जकार हो जाता है, जैसे, सूर्य्य—सूर्ज्ज; धैर्य्य—धैर्ज्ज।

(१६) प्रस्तुत संग्रह में 'व' के बदले 'ओय' ही लिखा हुआ है, अतएव जहाँ पर 'ओय' हो वहाँ 'व' ही पढ़ना चाहिए, जैसे, पाओया—पावा; खाओया—खावा; याओया—जावा।

बँगला व्याकरण संबंधी कुछ ज्ञातव्य बातें

ऊपर बँगला शब्दों की उच्चारण-संबंधी मुख्य विशेषताओं पर हम प्रकाश डाल चुके। अब बँगला व्याकरण की चर्चा करने जा रहे हैं। व्याकरण की थोड़ी-सी जानकारी प्राप्त कर लेना पाठकों के लिये अत्यन्त उपादेय सिद्ध होगा।

(क) क्रियारूप

बँगला में क्रिया के विभिन्न रूप हैं। क्रिया के इन विविध रूपों में जो अपरिवर्तित अंश है वही धातु है। धातु-निर्णय का सहज उपाय यह है कि उत्तम पुरुष के

वर्त्तमान काल के धातुरूप के अन्तिम 'इ' को हटा देने से जो रूप रह जाता है वही धातु है, जैसे, आमि याइ (मैं जाता हूँ)। इसमें 'याइ' का 'इ' हटाने पर 'या' रह जाता है। 'या' धातु है। इसी प्रकार 'आमि कराइ' में 'करा' धातु है।

बँगला भाषा के दो रूप हैं: (१) साधु और (२) चलित। 'लिखा', 'शुना' साधु रूप है और 'लेखा' 'शोना' चलित रूप। क्रियापद 'कहियाछे' साधु रूप है और 'कयेछे' चलित रूप है। सर्वनामों के विषय में भी यही बात है। अर्थ की दृष्टि से इन दोनों में कोई भेद नहीं है। बोलने में चलित रूप का प्रयोग होता है और लिखने में साधु रूप का। वैसे आजकल के लेखक लिखने में भी चलित रूप का ही प्रयोग करते हैं।

सकर्मक और अकर्मक के अलावा बँगला में क्रिया के दो भेद और हैं: समापिका और असमापिका।

धातु में जिस विभक्ति के योग से समापिका क्रियापद बनता है उसे 'तिङ' कहते हैं और उस क्रियापद को 'तिङन्त' पद कहते हैं। जैसे, कर् धातु से तिङन्त पद करे, करेन, करिस, करि आदि। इसी प्रकार जिस प्रत्यय के योग से असमापिका क्रियापद अथवा विशेष्य-विशेषण बने, उसे 'कृत' कहते हैं और उस पद को 'कृदन्त' पद कहते हैं। जैसे, कर् धातु से कृदन्त पद (असमापिका क्रिया) करिते (करते), करिया (करके), करते, क'रे आदि।

प्रेरणार्थक धातु (णिजन्त धातु) बनाने के लिये बँगला के धातुरूप में 'आ' प्रत्यय लगाते हैं, जैसे, कर् से णिजन्त धातु 'करा' होगा।

बँगला में कर्ता के लिङ्ग के अनुसार क्रिया नहीं बदलती, जैसे, मेयेरा याच्छे (लड़कियाँ जा रही हैं); छेलेरा याच्छे (लड़के जा रहे हैं)।

क्रिया के तीन काल हैं: भूत, भविष्यत् और वर्तमान। लेकिन बँगला की क्रिया का काल-विभाग हिन्दी की तरह नहीं होता।

बँगला के क्रियापद में वचन-भेद नहीं होता। जैसे, से याइतेछे (वह जा रहा है), ताहारा याइतेछे (वे लोग जा रहे हैं)।

पुरुष तीन प्रकार के हैं: प्रथम, मध्यम और उत्तम। प्रथम पुरुष के गौरवार्थक और सामान्य दो रूप हैं, जैसे, तिनि करेन (वे करते हैं), से करे (वह करता है)। मध्यम पुरुष के गौरवार्थक, सामान्य और तुच्छ तीन रूप हैं, जैसे, आपनि करेन (आप करते हैं), तुमि कर (तुम करते हो) तथा तुइ करिस (तू करता है)। उत्तम पुरुष का केवल एक रूप है, जैसे, आमि करि (मैं करता हूँ)।

बँगला के काल-भेद तथा उनके नामों की जानकारी भी उपयोगी होगी। बँगला व्याकरणों में दो प्रकार से उनके नाम दिए हुए हैं। नित्यप्रवृत्त, विशुद्ध,

अद्यतन, अनद्यतन, परोक्ष, भूत-सामीप्य, वर्तमान-सामीप्य आदि नाम संस्कृत व्याकरण के अनुकरण पर रखे गए हैं। सहज तरीक़े से समझने के लिये उनका नामकरण निम्नलिखित ढँग से किया जाता है:

नाम	उदाहरण (साधु)
नित्यवृत्त वर्तमान	करे (करता है)।
घटमान ,,	करितेछे (कर रहा है)।
पुराघटित ,,	करियाछे (किया है)।
अनुज्ञा ,,	कर (करो)।
साधारण अतीत	करिल (किया)।
नित्यवृत्त ,,	करित (करता)।
घटमान ,,	करितेछिल (कर रहा था)।
पुराघटित ,,	करियाछिल (किया था)।
साधारण भविष्यत्	करिबे (करेगा)।
अनुज्ञा ,,	करिओ (करना)।

क्रिया की विभक्तियाँ

(चलित)

काल का नाम	प्रथम पुरुष सामान्य	प्रथम और मध्यम गौरवार्थक	मध्यम सामान्य	मध्यम तुच्छ	उत्तम पुरुष
नित्यवृत्त वर्तमान	ए	एन	अ	इस	इ
घटमान ,,	छे	छेन	छ	छिस	छि
पुराघटित ,,	एछे	एछेन	एछ	एछिस	एछि
अनुज्ञा ,,	उक	उन	अ	—	—
साधारण अतीत	ले	लेन	ले	लि	लाम
नित्यवृत्त ,,	त	तेन	ते	तिस	ताम
घटमान ,,	छिल	छिलेन	छिले	छिलि	छिलाम
पुराघटित ,,	एछिल	एछिलेन	एछिले	एछिलि	एछिलाम
साधारण भविष्यत्	बे	बेन	बे	बि	ब (बो)
अनुज्ञा ,,	बे	बेन	ओ	इस	—

(साधु)

काल का नाम	प्रथम पुरुष सामान्य	प्रथम और मध्यम गौरवार्थक	मध्यम सामान्य	मध्यम तुच्छ	उत्तम पुरुष
नित्यवृत्त वर्तमान	ए	एन	अ	इस	इ
घटमान ,,	इतेछे	इतेछेन	इतेछ	इतेछिस	इतेछि
पुराघटित ,,	इयाछे	इयाछेन	इयाछ	इयाछिस	इयाछि
अनुज्ञा ,,	उक	उन	अ	—	—
साधारण अतीत	इल	इलेन	इले	इलि	इलाम
नित्यवृत्त ,,	इत	इतेन	इते	इतिस	इताम
घटमान ,,	इतेछिल	इतेछिलेन	इतेछिले	इतेछिलि	इते-छिलाम
पुराघटित ,,	इयाछिल	इयाछिलेन	इयाछिले	इयाछिलि	इया-छिलाम
साधारण भविष्यत्	इबे	इबेन	इबे	इबि	इब
अनुज्ञा ,,	इबे	इबेन	इओ (इयो)	इस	—

क्रिया की इन विभक्तियों के प्रयोग को निम्नलिखित उदाहरणों से समझा ज़ा सकता है :

'काट्' (काटना) धातु के नित्यवृत्त वर्तमान का चलित और साधु रूप इस प्रकार होगा:

चलित	साधु
काटे, काटेन, काट, काटिस, काटि	चलित-जैसा ही होगा

घटमान अतीत का रूप निम्नलिखित होगा :

चलित रूप—काटछिल, काटछिलेन, काटछिले, काटछिलि तथा काटछिलाम।

साधु रूप—काटितेछिल, काटितेछिलेन, काटितेछिले, काटितेछिलि तथा काटितेछिलाम।

साधारण भविष्यत् का रूप इस प्रकार होगा :

चलित रूप—काटबे, काटबेन, काटबे, काटबि, काटबो।

साधु रूप—काटिबे, काटिबेन, काटिबे, काटिबि, काटिबो। इसी प्रकार अन्य रूप भी समझे जा सकते हैं।

बहुत लोग 'लाम' के स्थान पर 'लुम' अथवा 'लेम' का प्रयोग करते हैं, जैसे, 'काटलाम' (काटा) के बदले 'काटलुम' अथवा 'काटलेम' लिखते हैं।

इसी प्रकार 'ताम' के बदले 'तुम' अथवा 'तेम' का प्रयोग करते हैं, जैसे, 'काटताम' (काटता) के स्थान पर 'काटतुम' अथवा 'काटतेम' लिखते हैं।

साधारण अतीत में सकर्मक क्रिया में 'ले' तथा अकर्मक क्रिया में 'ल' लगाते हैं। यह चलित रूप में होता है, जैसे, करले (किया), खेले (खाया), दिले (दिया) तथा गेल (गया), शुल (सोया), दौड़ल (दौड़ा)। वैसे इसका व्यतिक्रम भी देखा जाता है। बहुत लोग 'करल' (किया), 'बलल' (बोला) आदि लिखते हैं।

(ख) कारक

बँगला में कारक सात हैं : कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध तथा अधिकरण।

कारक की कई विभक्तियों को मूल विभक्ति कहा जा सकता है। वैसे प्रयोग में आने वाली कई विभक्तियाँ मुख्यतः कर्ता, कर्म, सम्बन्ध और अधिकरण सूचक हैं, जैसे, के, र, ते क्रमशः कर्म, सम्बन्ध और अधिकरण कारक की विभक्तियाँ हैं। प्रत्येक कारक की अलग विभक्तियाँ नहीं हैं। निम्नलिखित कई विभक्तियाँ भिन्न-भिन्न कारकों में प्रयुक्त होती हैं :

विभक्ति	कारकों के नाम
ए, य, तें, ये	कर्ता, करण, सम्प्रदान, अधिकरण
रा, एरा	कर्ता (बहुवचन)
दिगके, दिके, देर	कर्म, सम्प्रदान (बहुवचन)
के, रे	कर्म, सम्प्रदान (एकवचन)
एर (येर), र, कार	सम्बन्ध (एकवचन)
दिगेर, देर	सम्बन्ध (बहुवचन)
देर	कर्म (बहुवचन)
एते	अधिकरण (एकवचन)

बहुत स्थानों पर पद योग करने से कारक निष्पन्न होता है, जैसे, बाड़ी थेके (घर से), पेन्सिल दिये (पेन्सिल से), मानुषेर द्वारा (मनुष्य से) आदि। द्वारा, दिये आदि करणकारक-सूचक हैं तथा थेके, अपादानकारक-सूचक। लेकिन द्वारा, दिया आदि को अव्यय मानना उचित है। इनका प्रयोग विभक्ति के बाद भी मिलता है, जैसे, मन्त्रेर द्वारा (मन्त्र से)। इसमें 'एर' सम्बन्ध कारक की विभक्ति है और उसके बाद 'द्वारा' का प्रयोग हुआ है।

टा और टि का प्रयोग, जन्तु अथवा पदार्थवाचक शब्दों के साथ होता है, जैसे, छेलेटा (लड़का), कविताटि (कविता)। इसमें अर्थ ज्यों का त्यों है। टा का प्रयोग प्रायः अनादरसूचक है और 'टि' का प्रयोग बहुत-कुछ आदरसूचक।

गुला, गुलो, गुलि का प्रयोग व्यक्ति, जन्तु अथवा पदार्थवाचक शब्दों के साथ होता है। इनसे बहुवचन सूचित होता है। 'गुला' 'गुलो' अनादरसूचक हैं और 'गुलि' आदरसूचक। लोकगुला (लोग), जिनिसगुलो (वस्तुएँ), मेयेगुलि (लड़कियाँ)।

'खाना', 'खानि' का प्रयोग केवल पदार्थवाचक शब्दों के साथ होता है। 'खाना' अनादरसूचक है और 'खानि' आदरसूचक, जैसे, मुखखानि (मुख), कागजखाना (काग़ज़)।

'गण', 'रा', 'एरा' (येरा) का प्रयोग साधारणतः व्यक्ति, जन्तु अथवा बड़ी वस्तुओं के लिये होता है, जैसे, देवगण, छेलेरा (लड़के)।

'ए', 'ये', 'ते', 'ये' के प्रयोग की विधि इस प्रकार है: अकारान्त अथवा व्यञ्जनान्त शब्द हो तो 'ए' का प्रयोग होता है, जैसे, मानुषे, विद्युते। आकारान्त अथवा एकारान्त शब्द हो तो 'य' और 'ते' का व्यवहार होता है, जैसे, छेलेय, सेवाय। अगर इनसे भिन्न स्वरान्त शब्द हो तो 'ते' का व्यवहार होता है, जैसे, छुरिते। एकाक्षर शब्द अथवा अन्त में दो स्वर आएँ तो 'ये' का प्रयोग होता है, जैसे, गाये (शरीर में), दइये (दही में)।

विभिन्न कारकों में विभक्ति के प्रयोग

कर्ता कारक :

साधारणतः कर्ता, एकवचन में कोई विभक्ति नहीं होती, जैसे, राम खाच्छे (राम खा रहा है)।

कर्तृवाच्य के प्रयोग से कभी-कभी कर्ता में 'ए' विभक्ति लगती है, जैसे, लोके बले (लोग कहते हैं)।

कर्ता अनिर्दिष्ट होने पर अथवा कर्ता में करण या अधिकरण का भाव रहने पर ए, य, ते, ये, योग करते हैं, जैसे, पोकाय केटेछे (कीड़े ने काटा है), वेदे बले (वेद में कहा गया है), वृष्टिते भासिये दिले (वर्षा से बहा दिया)।

एकजातीय कर्ता का भाव बताते समय 'ए' का प्रयोग होता है, जैसे, पण्डिते पण्डिते तर्क चलेछे (पण्डितों में तर्क हो रहा है)।

बहुवचन में गण, रा, एरा (येरा) का प्रयोग होता है, जैसे, पण्डितेरा बलेन (पण्डित लोग कहते हैं)। आदरसूचक या समूहबोधक कर्ता होने पर रा के बदले एरा का प्रयोग होता है, जैसे, बउएरा (बहुएँ)। गुलो, गुला, गुलि का प्रयोग बहुवचन में होता है, जिस पर पहले ही प्रकाश डाला जा चुका है।

कर्म कारक :

एकवचन में साधारणत: कोई विभक्ति नहीं होती, जैसे, डाक्तार डाक (डॉक्टर को बुलाओ)। वैसे इसका कोई निर्दिष्ट नियम नहीं है; कभी विभक्ति का लोप होता है, कभी नहीं होता, जैसे, भगवानके डाक (भगवान को पुकारो)।

कर्मपद प्राणिवाचक अथवा व्यक्ति का नाम हो तो 'के' विभक्ति का प्रयोग होता है और अप्राणिवाचक या क्षुद्र प्राणिवाचक शब्दों में 'के' का प्रयोग नहीं होता। पद्य में रे, ए, य का प्रयोग होता है, जैसे, गुरुरे डाकिया (गुरु को पुकार कर), गुरुजने कर नति (गुरुजन को प्रणाम करो)। बहुवचन होने पर गणके, दिगके, दिके, देर का प्रयोग होता है, जैसे, देवगणके, ताहादिगके आदि।

द्विकर्मक क्रिया के गौण कर्म में के, दिगके, दिके, देर का प्रयोग होता है। मुख्य कर्म में विभक्ति नहीं लगाते, जैसे, छेलेके दुध दाओ (लड़के को दूध दो)।

कर्मवाच्य के प्रयोग में कर्म में कभी-कभी 'के' विभक्ति लगती है, जैसे, रामके बला हय नाइ (राम से कहा नहीं गया है)।

कर्म-कर्तृवाच्य के प्रयोग में भी कर्म में कभी-कभी 'के' विभक्ति होती है, जैसे, तोमाके कृश देखाइतेछे (तुम दुबले दीखते हो)।

करण कारक :

करण कारक में साधारणत: द्वारा, दिया विभक्ति होती है और कभी-कभी इन दोनों के बदले 'हइते' विभक्ति प्रयुक्त होती है। कभी-कभी 'ए' विभक्ति भी होती है।

'द्वारा' और 'दिया' अथवा 'दिये' का प्रयोग व्यक्ति, जन्तु अथवा पदार्थवाचक शब्दों में होता है। सम्बन्ध-विभक्ति के बाद भी 'द्वारा' का प्रयोग होता है। व्यक्ति-वाचक शब्दों के बहुवचन में 'दिया' अथवा 'दिये' का प्रयोग नहीं होता, जैसे, भृत्येर द्वारा, अश्वेर द्वारा, किन्तु साबान दिया (साबुन से)।

केवल व्यक्तिवाचक शब्दों में कर्म-विभक्ति के बाद 'दिया' अथवा 'दिये' का व्यवहार होता है, जैसे, चाकरदिगके दिये (नौकरों से), चाकरके दिये (नौकर से)।

केवल जन्तु अथवा पदार्थवाचक शब्दों के बाद ए, य, ते, ये, जोड़ा जाता है, जैसे, सेवाय तुष्ट (सेवा से तुष्ट), एइ गाड़ि गरुते चले (यह गाड़ी बैल से चलती है)।

सम्प्रदान कारक:

सम्प्रदान कारक की विभक्ति प्राय: कर्म कारक के समान है, जैसे, दरिद्रके धन दाओ [दरिद्र को (के लिये) धन दो]।

कभी-कभी ए, य, ते, का भी व्यवहार होता है, जैसे, सत्पात्रे, देवसेवाय आदि।

अपादान कारक :

इस कारक की विभक्तियाँ हइते, (ह'ते) थेके, अपेक्षा आदि हैं, जैसे, गृह हइते (गृह से), तिन दिन थेके (तीन दिनों से)।

कभी-कभी 'दिया' का भी व्यवहार होता है, जैसे, ताहार मुख दिया एमन कथा बाहिर हइबे ना (उसके मुँह से ऐसी बात नहीं निकलेगी)।

'निकट' आदि शब्दों में अपादान कारक की विभक्ति विकल्प से लोप होती है, जैसे, आमि ताहार निकट ए कथा शुनियाछि (मैंने उससे ऐसी बात सुनी है)।

तुलना करते समय सम्बन्ध कारक की विभक्ति के बाद अपेक्षा, चेये, चाइते आदि लगाते हैं, जैसे, तोमार चेये वृद्ध (तुमसे अधिक वृद्ध)।

कभी-कभी सप्तमी की 'ए' विभक्ति भी अपादान में प्रयुक्त होती है, जैसे, मेघे वृष्टि हय (मेघ से वृष्टि होती है)।

सम्बन्ध कारक :

र, एर, इस कारक की विभक्तियाँ हैं। साधारणतः शब्दों के अन्त में 'र' का योग करने से सम्बन्ध कारक सूचित होता है। 'एर' का योग शब्दों में उस समय होता है जब उनका रूप एकवचन का हो तथा वे अकारान्त, व्यञ्जनान्त, एकाक्षर शब्द हों अथवा उनके अन्त में दो स्वर हों, जैसे, मायेर (माँ का), जामाइयेर (दामाद का); 'र' विभक्ति का उदाहरण—दयार (दया का), चुरिर (चोरी का)।

'र' विभक्ति का प्रयोग उस हालत में भी होता है जब मनुष्य के नाम का उच्चारण अकारान्त हो, जैसे, अमूल्यर (अमूल्य का); लेकिन शिव का शिवेर होगा क्योंकि शिव के उच्चारण में व हलन्त की तरह उच्चरित होता है।

विशेषण-पदों में केवल 'र' का योग करते हैं, जैसे, भालर जन्य (अच्छे के लिये)।

समय अथवा अवस्थान-वाचक शब्दों में 'कार' योग करते हैं, जैसे, आजि-कार (आज का), उपरकार (ऊपर का)।

व्यक्ति, जन्तु अथवा बड़ी वस्तु के सूचक बहुवचन शब्दों में देर, दिगेर, गणेर का योग करते हैं, जैसे, छेलेदेर (लड़कों का), जन्तुदिगेर (जन्तुओं का)। व्यक्ति, जन्तु तथा पदार्थवाचक बहुवचन में गुलार, गुलोर, गुलिर, सकलेर, समूहेर आदि का प्रयोग होता है, जैसे, मेयेगुलिर (लड़कियों का), जिनिसगुलोर (वस्तुओं का), प्राणि सकलेर (प्राणियों का), इत्यादि।

अधिकरण कारक :

ए, य, ते, ये, अधिकरण कारक की विभक्तियाँ हैं।

अधिकरण दो प्रकार के हैं: कालबोधक और आधारसूचक। क्रिया जब किसी काल में समाप्त होती है तब उसे कालवाचक अधिकरण कहते हैं और जब

किसी स्थान पर समाप्त होती है तब वहाँ आधार-अधिकरण का भाव आ जाता है। 'प्रभाते आमरा बेड़ाइया थाकि' (सबेरे हमलोग टहला करते हैं)—यह कालवाचक अधिकरण का उदाहरण है।

आधार-अधिकरण तीन तरह के हैं—ऐकदेशिक, वैषयिक और अभिव्यापक। उदाहरणार्थ:

ऐकदेशिक—ऋषि वने थाकितेन (ऋषि वन में रहते थे)।

वैषयिक—आमि विद्याय आपनार निकट बालक (विद्या में मैं आपके निकट बालक हूँ)।

अभिव्यापक—तिले तैल आछे (तिल में तेल है)।

कालवाचक शब्द के बाद कभी-कभी विभक्ति योग नहीं करते, जैसे, एक समय आमि बिश क्रोश हाँटिते पारिताम (एक समय था जब मैं बीस कोस पैदल चल सकता था); ए समय से कोथाय (इस समय वह कहाँ है)। लेकिन अगर विशेषण पद कालवाचक शब्द के पहले न हो तो विभक्ति अवश्य प्रयुक्त होती है, जैसे, दिने घुमाइओ ना (दिन में न सोना)।

क्रिया गमनार्थक होने पर कभी-कभी अधिकरण की विभक्ति नहीं लगती, जैसे, काशी पाठाओ (काशी भेजो), कलिकाता याइब (कलकत्ते जाऊँगा)।

बहुवचन में गण, गुला, गुलो, गुलि, सकल आदि के बाद विभक्ति का योग होता है। जैसे, कथागुलिते (बातों में), जीवगणे (जीवों में)।

(ग) सर्वनाम

बँगला में सर्वनाम के मुख्य भेद निम्नलिखित हैं:

पुरुषवाचक सर्वनाम—आमि (मैं), तुमि (तुम), से (वह) इत्यादि।

निर्देशक या निर्णयसूचक सर्वनाम—ताहा (तद्); इहा (यह); उहा (वह) इत्यादि।

प्रश्नवाचक सर्वनाम—कि (क्या), के (कौन) आदि।

सापेक्ष या समुच्चयी सर्वनाम—ये

अनिर्देश या अनिश्चयसूचक सर्वनाम—केह, केउ (कोई) आदि।

आत्मवाचक सर्वनाम—निजे, आपनि, स्वयं आदि।

साकल्यवाचक सर्वनाम—उभय, सकल, सब आदि।

पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के हैं:, उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, प्रथम पुरुष, जिसे हिन्दी में अन्य-पुरुष कहते हैं।

कर्ताकारक के एकवचन में इन पुरुषों के निम्नलिखित रूप हैं :

	सामान्य	तुच्छ	गौरवार्थ
उत्तम पुरुष	आमि (मैं)		
मध्यम पुरुष	तुमि (तुम)	तुइ (तू)	आपनि (आप)
प्रथम पुरुष	से, ताहा, ता (वह)		तिनि (वे)
	ये, याहा, या (जो)		यिनि (जो)
	के (कौन), कि (क्या)		के, किनि (कौन)
	ए, इहा (यह)		इनि (ये)
	ओ, उहा (वह)		उनि (वे)

व्यक्तिबोधक—तिनि, यिनि, के (किनि), इनि, आपनि, तुमि, तुइ, आमि।

व्यक्ति अथवा जन्तुवाचक—से, ये, के।

व्यक्ति, जन्तु अथवा पदार्थवाचक—ए, ओ।

पदार्थ अथवा क्षुद्र जन्तुवाचक—ताहा (ता), याहा (या), कि, इहा, उहा।

वचन और कारक-भेद से सर्वनाम के रूप में परिवर्तन होता है, लेकिन स्त्रीलिंग और पुंलिंग-भेद से सर्वनाम के रूप में परिवर्तन नहीं होता।

याहाते, ताहाते आदि का प्रयोग क्रिया-विशेषण की तरह होता है।

से, ये, कि, ए, ओ का प्रयोग विशेषण की तरह भी होता है, जैसे, से दिन (उस दिन)।

कारकों की विभक्ति-सहित सर्वनामों के रूप

उत्तम पुरुषः

आमि (मैं)

(पुंलिग और स्त्रीलिंग में)

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	आमि, मुइ	आमरा, मोरा
कर्म	आमाके, आमारे, आमाय, मोरे	आमादिगके, आमादेर, आमादेरके, मोदिगके, मोदिगेरे, मोदेर
करण	आमाद्वारा, आमार द्वारा, आमाके दिया, आमा-हइते (ह'ते), आमा-कर्तृक	आमादिग (-दिगेर) द्वारा, दिया, कर्तृक; आमादेर दिया, द्वारा

	एकवचन	बहुवचन
सम्प्रदान	आमाके, आमारे, आमाय, मोरे	आमादिगके, आमादेर, आमादेरे मोदेर, मोदेरे, मोदिगके
अपादान	आमा हइते, आमा ह'ते	आमादेर (आमादिग) हइते
सम्बन्ध	आमार, मोर (मञ्जु), मम	आमादिगेर, आमादेर मोदेर
अधिकरण	आमाय, आमाते, मोते	आमादिगेते, आमादिगेर सकले, मोदिगे

तुमि (तुम)

मध्यम पुरुषः

(स्त्रीलिंग और पुंलिग में)

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	तुमि, तुइ	तोमरा, तोरा
कर्म	तोमाके, तोमार, तोके, तोरे तोर	तोमादिगके, तोदेर, तोदिगके
करण	तोमाद्वारा, तोमाकर्तृक, तोर द्वारा	तोमादिगेर द्वारा, तोदेर द्वारा
सम्प्रदान	(कर्म कारक के समान रूप होता है)	
अपादान	तोमा हइते, तोर हइते	तोमादेर हइते, तोदेर हइते
सम्बन्ध	तोमार, तोर, तव	तोमादिगेर, तोमादेर, तोदेर
अधिकरण	तोमाते, तोमाय, तोके, तोय	तोमादिगते, तोमादेर सकले, तोमादिगते

तुइ (तू) शब्द का व्यवहार तीन अर्थों में होता है :

(१) तुच्छार्थ में—निर्लज्ज तुइ क्षत्रिय समाजे (क्षत्रिय समाज में तू निर्लज्ज है)।

(२) स्नेह-वात्सल्य में—तुइ आमार नयनमणि (तू मेरे नयनों की मणि है)।

(३) देवतादि के संबोधन में—तुइ कि बुझिबि श्यामा मरमेर वेदना [श्यामा (माँ काली), तू मर्म-वेदना को क्या समझेगी]।

करण और अपादान का अलग रूप नहीं है। कर्म अथवा संबंध कारक के रूपों में दिया, द्वारा, हइते योग करने से इन दोनों कारकों का रूप प्राप्त हो जाता है

आपनि (आप)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
आपनि	आपनारा	आपनि	आपनारा
आपनाके	आपनादिके, -देर	आपनाके	आपनादिगके
आपनार	आपनादेर	आपनार	आपनादिगेर, -देर
आपनाते	—	आपनाते	—

प्रथम पुरुष :

तिनि (वे)

	चलित रूप		साधु रूप	
	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	तिनि	ताँरा	तिनि	ताँहारा
कर्म, सम्प्रदान	ताँके	ताँदिके, ताँदेर	ताँहाके	ताँहादिगके
सम्बन्ध	ताँर	ताँदेर	ताँहार	ताँहादिगेर ताँहादेर
अधिकरण	ताँते	—	ताँहाते	—

यिनि (जो) का रूप तिनि की तरह ही होता है।

उपर्युक्त क्रम से अर्थात् पहली पंक्ति में कर्ता, द्वितीय में कर्म-सम्प्रदान, तृतीय में सम्बन्ध और चतुर्थ में अधिकरण कारक के अन्य सर्वनामों के रूप नीचे दिए जा रहे हैं।

इनि (ये)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
इनि	एँरा	इनि	इँहारा
एँके	एँदिके, एँदेर	इँहाके	इँहादिगके
एँर	एँदेर	इँहार	इँहादिगेर, इँहादेर
एँते	—	इँहाते	—

उनि (वे)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
उनि	ओँर	उनि	उँहारा
ओँके	ओँदिके, ओँदेर	उँहाके	उँहादिगके
ओँर	ओँदेर	उँहार	उँहादिगेर, उँहादेर
ओँते	—	उँहाते	—

से (वह)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
से, ता	तारा	से, ताहा	ताहारा
ताके	तादिके, तादेर	ताहाके	ताहादिगके
तार	तादेर	ताहार	ताहादिगेर, ताहादेर
ताते (ताय)	—	ताहाते (ताय)	—

ये, याहा (जो) का रूप से, ताहा (ताहा)-जैसा होगा।

के (कौन)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
के, किनि	काँरा	के, किनि	काँहारा
काके	कादिके, कादेर	काहाके	काहादिगके
कार	कादेर	काहार	काहादिगेर, काहादेर
काते, किसे	—	काहाते	—

ए, इहा (यह)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
ए	एरा	ए, इहा	इहारा
एके	एदिके, एदेर	इहाके	इहादिगके
एर	एदेर	इहार	इहादिगेर, इहादेर
एते	—	इहाते	—

ओ, उहा (वह)

चलित		साधु	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
ओ	ओरा	ओ, उहा	उहारा
ओके	ओदिके, ओदेर	उहाके	उहादिगके
ओर	ओदेर	उहार	उहादिगेर, उहादेर
ओते	—	उहाते	—

ए, इहा, इनि से निकटस्थ वस्तु या व्यक्ति का निर्देश होता है और ओ, उहा, उनि से दूरस्थ वस्तु या व्यक्ति का निर्देश होता है।

'ताय' (उसको, उसमें) का प्रयोग प्रायः पद्य में होता है।

'किसे' केवल पदार्थवाचक है।

'किनि' का प्रयोग साधु और चलित दोनों रूपों में प्रायः अप्रचलित हो गया है।

प्रथम पंक्ति की सूची

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या

पृष्ठ-संख्या